हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026



तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री


तोरवा चौक से छठ घाट जाने वाली सड़क खराब, धूल फांक रहे लोग।

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# 6.15 बजे से बंद सप्लाई, 4 घंटे तक फाल्ट नहीं खोज सके बिजलीकर्मी

## नेहरू नगर जोन में लगातार तीन दिनों से बनी हुई है बिजली की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर जोन के अंतर्गत लगातार 3 दिनों से बिजली की समस्या बनी हुई है। गुरूवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद शाम 6.15 से बंद बिजली 4 घंटे बाद बहाल हो सकी। खास बात यह है कि इस दौरान 2 टीम फाल्ट खोजती रही लेकिन फाल्ट नहीं मिलने के कारण देरी हुई और हजारों घरों में अंधेरा पसरा रहा है।

हाईकोर्ट की फटकार और बिजली उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों के बाद भी बिजली विभाग की सप्लाई व्यवस्था सुधर नहीं रही है। शाम को हुई हल्की बारिश ने विभाग के 24 घंटे निर्बाध बिजली के दावें की हवा निकल दी। महर्षि फीडर के अंतर्गत लाइन में फाल्ट आने के कारण रिंग रोड, नेहरू नगर, नर्मदा नगर,गौरव पथ सड़क के कुछ हिस्से, अयोध्या नगर, वसुंधरा नगर और आसपास के क्षेत्र की बिजली 4 घंटे तक बंद रही। इस दौरान विभाग की दो टीमें लगातार पेट्रोलिंग करती रही और मैनुअल तरीके से इंश्यूलेटर को चैक किया गया लेकिन 4 घंटे की मकशक्त के बाद टीम को दशमेश आटोमोबाइल के पास नए काम्प्लेक्स में फाल्ट मिला, काम्प्लेक्स के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर की लाइन में आई खराबी के कारण पूरा फीडर बंद हो गया था। विभाग ने आधे घंटे की मरम्मत के बाद लाइन शुरू कर सका है।

### टीम को रात में दिक्कत होती है

बिजली लाइन में फाल्ट आने के बाद मैनुअल तरीके से फाल्ट खोजा जाता है। लाइन बड़ी है,एक-एक खंबे को टीम चैक करती है, कहीं इस्पार्किंग होने और डंगाल गिरने पर जल्दी फाल्ट खोज लिया जाता है लेकिन कई बार टीम को रात में दिक्कत होती है। जिसके कारण देरी हुई है।

-भरत भूषण नेताम
ईई, नेहरू नगर



## सिस्टम एक्टिव, बारिश से भीगा शहर, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय



**बिलासपुर।** जिले में मानसूनी हवाओं का चलना जारी है और नया सिस्टम एक्टिव होने से बारिश शुरू हो गई है। गुरुवार को दिनभर उमस भरी स्थिति बनी रही लेकिन बीच-बीच में ठंडी हवाओं ने लोगों को कुछ राहत जरूर दी। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम दर्ज किया गया। वातावरण में नमी अधिक रहने से उमस का असर लगातार महसूस किया गया। पिछले हफ्ते शहर का तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस रहा है, लेकिन रह रह कर हो रही बारिश के कारण तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। गुरूवार को जिले की कई तहसीलों में हल्की वर्षा हुई, जबकि पूरे जिले में कुल 112 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। शहर में महज 5.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि सीजनल द्रोणिका पंजाब से उत्तर बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके अलावा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है।

## पांच माह तक प्रभावित रहेगा ट्रेनों का परिचालन आज से

**बिलासपुर।** चक्रधरपुर मंडल कें कंसबहाल और धारूआडीही सेक्शन में अधोसंरचना सहित अन्य कार्यो को किया जाएगा, जिसके कारण 3 जुलाई से लेकर 17 नवम्बर तक पांच माह के लिए दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान आरा से दुर्ग के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला में समाप्त करने के बाद रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर से दुर्ग के बीच रद्द करने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रेलवे के अनुसार दपूमरे के चक्रधरपुर मंडल के कंसबहाल व धारूआडीही खंड के अप एवं डाउन लाइन पर टीआरटी मशीन से ट्रैक अनुरक्षण कार्य करने के लिए मेगा ब्लॉक रहेगा। यह मेगा ब्लाक 3 जुलाई से लेकर 17 नवम्बर तक प्रति मंगलवार एव शुक्रवार को होगा। इसकी वजह से दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

- चक्रधरपुर मंडल के कंसबहाल और धारूआडीही सेक्शन में किया जाएगा मेगा ब्लाक कार्य

### 17005 हैदराबाद से रक्सौल एक्सप्रेस

जुलाई माह में 2, 9, 16, 23, 30 को अगस्त माह में 6, 13, 20, 27 को, सितम्बर माह में 3, 10, 17, 24 को, अक्टूबर माह में 1, 8, 15, 22, 29 को, नवम्बर माह में 5 एवं 12 को रद्द रहेगी।

### 17006 रक्सौल से हैदराबाद एक्सप्रेस

जुलाई माह में 5, 12, 19, 26 को, अगस्त माह में 2, 9, 16, 23, 30 को, सितम्बर माह में 6, 13, 20, 27 को, अक्टूबर माह में 4, 11, 18, 25 को, नवम्बर माह में 1, 8, 15 को रद्द रहेगी।

### 18109/18110 इतवारी-टाटानगर अप-डाउन एक्सप्रेस

जुलाई माह में 3, 7, 10, 14, 17, 21, 24, 28, 31 को, अगस्त माह में 4, 7, 11, 14, 18, 21, 25, 28 को, सितम्बर माह में 1, 4, 8, 11, 15, 18, 22, 25, 29 को, अक्टूबर माह में 2, 6, 9, 13, 16, 20, 23, 27 एवं 30 को, नवम्बर माह में 3, 6, 10, 13, 17 को रद्द रहेगी।

### 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस

जुलाई माह में 3, 6, 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 को, अगस्त माह में 3, 7, 10, 14, 17, 21, 24, 28, 31 को, सितम्बर माह में 4, 7, 11, 14, 18, 21, 25, 28 को, अक्टूबर माह में 2, 5, 9, 12, 16, 19, 23, 26, 30 को, नवम्बर माह में 2, 6, 9, 13, 16 को रद्द रहेगी।

### 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस

जुलाई माह में 4, 7, 11, 14, 18, 21, 25, 28 को, अगस्त माह में 1, 4, 8, 11, 15, 18, 22, 25, 29 को, सितम्बर माह में 1, 5, 8, 12, 15, 19, 22, 26, 29 को, अक्टूबर माह में 3, 6, 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 को, नवम्बर माह में 3, 7, 10, 14, 17 को रद्द रहेगी।

### बिलासपुर से दुर्ग तक केंसल रहेगी साउथ बिहार एक्सप्रेस

इसके अलावा जुलाई माह में 2, 9, 16, 23, 30 को, अगस्त माह में 6, 13, 20, 27 को, सितम्बर माह में 3, 10, 17, 24, अक्टूबर माह में 1, 8, 15, 22, 29 को, नवम्बर माह में 5 व 12 को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन में समाप्त करने के बाद राउरकेला से रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग के बीच के अतिरिक्त जुलाई माह में 3, 10, 17, 24, 31 को, अगस्त माह में 7, 14, 21, 28 को, सितम्बर माह में 4, 11, 18, 25 को, अक्टूबर माह में 2, 9, 16, 23, 30 को, नवम्बर माह में 6 व 13 को दुर्ग से चलने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन से शुरु करने के बाद दुर्ग से राउरकेला के बीच रद्द की जाएगी।

### डायवर्ट चलेगी साउथ बिहार और उत्कल

इसी तरह जुलाई माह में 2, 9, 16, 23, 30 को, अगस्त माह में 6, 13, 20, 27 को, सितम्बर माह में 3, 10, 17, 24 को, अक्टूबर माह में 1, 8, 15, 22, 29 को, नवम्बर माह में 5 व 12 को योगनगरी से ऋषिकेश के बीच चलने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश से पुरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी, कटक होकर पुरी तक और जुलाई माह में 6, 13, 20, 27 को, अगस्त माह में 3, 10, 17, 24, 31 को, सितम्बर माह में 7, 14, 21, 28 को, अक्टूबर माह में 5, 12, 19, 26 को, नवम्बर माह में 2, 9, 16 को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कांड्रा सीनी, टाटानगर, गमहारीया छोड़कर मार्ग होकर दुर्ग तक आएगी।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना में प्रवेश पत्र जारी, परीक्षा 5 को

बिलासपुर। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे होगी। यह परीक्षा डेल्टा पब्लिक स्कूल (प्रीमियर एकेडमी), पुराना हाईकोर्ट के सामने, गांधी चौक बिलासपुर में होगी। प्रवेश पत्र संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। संबंधित अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र अपनी शाला से 4 जुलाई तक प्राप्त कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने सभी पात्र विद्यार्थियों से समय पर प्रवेश पत्र प्राप्त कर परीक्षा में शामिल होने की अपील की है।

### दो माह आगे बढ़ी समाधान की योजना

**बिलासपुर।** बुधवार की शाम राज्य शासन की ओर से एक पत्र जारी करते हुए बिजली बिल की समाधान योजना को दो माह आगे बढ़ाया गया है। वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री सुरेश जांगड़े ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के निम्नदाब घरेलू बीपीएच और कृषि श्रेणी के अशासकीय उपभोक्ताओं को बकाया राशि की मूल राशि एवं अधिभार की छूट प्रदान की जा रही है, जिसके लिए मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना लागू की गई है। इस योजना की अवधि 30 जून तक निर्धारित की गई थी, जिसे सक्षम अनुमोदन उपरांत यानि 31 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है।

### 65 नए वकीलों को पंजीकृत करने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद बिलासपुर की नामांकन समिति की बैठक गत दिवस परिषद के मुख्य कार्यालय उच्च न्यायालय परिसर में नामांकन समिति के अध्यक्ष रवि सिंह राजपूत, तथा समिति के सदस्य, आलोक कुमार गुप्ता एवं भास्कर साहू की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में लगभग 65 आवेदकों को नए अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत किए जाने की अनुशंसा की गई तथा कुल 3 अधिवक्ताओं का सनद पुनर्बहाल किया गया। इसके साथ ही कुल 11 लोगों को प्रोविजनल प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान परिषद के सचिव अमित वर्मा तथा नामांकन प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार जायसवाल एवं विशाल सोनी उपस्थित थे।

# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी

*पुलिस कर रही मामले की जांच*
*कम समय में मुनाफा दिलाने का देता था झांसा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 20 लाख रुपए ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद जगमल चौक सदाबहार अपार्टमेंट निवासी संतोष भोजवानी व्यापार में आनंद कन्फेक्शनरी की दुकान चलाते हैं। उनके बेटे अर्जुन भोजवानी के दोस्त आयुष बघेल ने अपने मामा सरगुजा अम्बिकापुर भट्टी रोड निवासी शशिकांत सिंह पिता नरेंद्र सिंह से परिचय कराया। आयुष ने दावा किया कि शशिकांत शेयर मार्केट के विशेषज्ञ है और कम समय में अच्छा मुनाफा दिलाते हैं। शुरूआत में अर्जुन और उसके मित्र प्रतीक कौशिक से कम राशि निवेश कराया और तीन माह में मुनाफे के साथ रकम लौटाकर उनका विश्वास जीत लिया। उसने श्री भोजवानी उनकी पत्नी कोमल भोजवानी बेटा अर्जुन, करण भोजवानी सहित अन्य सदस्यों को भी निवेश के लिए प्रेरित किया। शशिकांत के बार बार कहने पर वर्ष 2023 से 24 के बीच पीड़ित परिवार ने नकद और फोन पे के माध्यम से 20 लाख व प्रतीक ने 15 लाख रुपए शशिकांत को दे दिया। लंबे समय तक राशि नहीं मिली तो मांग करने पर शशिकांत ने उन्हें 9 लाख का चेक दिया, जो पर्याप्त राशि नहीं होने पर बाउंस हो गया। उसके बाद शशिकांत ने फोन उठाना बंद कर दिया। पुलिस ने शशिकांत सिंह के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नौकरी लगवाने के नाम पर 3 लाख की ठगी

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा निवासी विष्णु नारायण महतो के पिता राम इकवाल महतो बीएनएसएल कंपनी टेलीफोन टेक्नीशियन पद से वर्ष 2023 में रिटायर हुए थे। घर के पास मंदिर में कुछ साल पहले राहुल मिश्रा से कृष्ण कुमार चौकसे ने मुलाकात कराई गई थी। धीरे धीरे उक्त व्यक्ति ने उनके पिता से जान पहचान बढ़ाई और अपने आपको ईडी आफिस में नौकरी करने अफसर एवं प्रभावशाली व्यक्ति बताया। कृष्ण कुमार चौकसे व उनके पिता के समक्ष उन्हें रेलवे में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाकर अलग अलग किश्तों में 3 लाख 14 हजार 600 रुपए लिया था। लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी वह उनकी नौकरी नहीं लगवा पाया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राहुल मिश्रा, उसकी पत्नी पदमा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 5 लाख रुपए लेकर नहीं कराई जमीन की रजिस्ट्री, जुर्म दर्ज

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका गणपति होम्स निवासी रिटायर्डकर्मी शंभुनाथ मिश्रा पिता स्व. जयकांत मिश्रा विज्ञापन में दिए मोबाइल नम्बर में फोन लगाकर जमीन खरीदने के लिए बातचीत की। उसके बाद बंसत विहार के बगल में स्थित एटमस्फेयर में जमीन दलाल मुकेश सिंह से मुलाकात हुई। उसने उन्हें चिल्हाटी रोड के पास 1200 वर्गफीट जमीन दिखाई। उक्त भूमि की बुकिंग के लिए उनसे 21 हजार रुपए अग्रिम राशि ली। उसके बाद श्री मिश्रा ने पीएफ से लोन लेकर 4 लाख 79 हजार रुपए बैंक के माध्यम से दिए। पैसा लेने के बाद वह जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए घुमा रहा है। पुलिस ने श्री मिश्रा की रिपोर्ट पर मुकेश सिंह के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### 20 बैंकों से 40 करोड़ का लोन फर्जीवाड़ा करने वाला भौमिक गया जेल

20 बैंकों से 40 करोड़ का लोन फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपी भौमिक को ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है। फर्जी बैंक गारंटी, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बिलासपुर और कोलकोता के 10 से अधिक बैंकों से 40 करोड़ से अधिक के लोन फर्जीवाड़ा की पंजाब नेशनल बैंक और बैंक आफ बडौदा ने ईओडब्ल्यू में अपराध पंजीबद्ध कराया था। पिछले दिनों ईओडब्ल्यू आरोपी विश्वजीत भौमिक को पकड़कर पूछताछ करने के लिए रायपुर लेकर गई थी। जांच बात सामने आई हे कि पंजाब नेशनल बैंक से 31 लोन, बैंक ऑफ बड़ौदा से 17 लोन, कैनरा बैंक से 3 लोन, एचडीबी से 2 लोन, ओरियंटल बैंक आफ कामर्स सरकण्डा ब्रांच से एक लोन निकाला गया है। नटबोल्ट कारोबारी विश्वजीत भौमिक एवं अन्य के द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा राजकिशोरनगर से 5 करोड़ 4 लाख 15 हजार का लोन फर्जी तरीके से निकाला गया था। मामले में 4 पीड़ितों ने सरकण्डा थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। 2 जुलाई को ईओडब्ल्यू ने पूछताछ करने के बाद बिलासपुर विशेष एसीबी कोर्ट में आरोपी विश्वजीत भौमिक को पेश किया। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

अमर के सर्वाधिक 6, धरम व सुशांत के 2-2 समेत धर्मजीत के एक समर्थक को मिली जगह

# एल्डरमैनों की नियुक्ति में संगठन की चली, नगर निगम में 11 की नियुक्ति

**बिलासपुर।** राज्य सरकार ने बहुप्रतीक्षित एल्डमैनों की नियुक्ति सूची जारी कर दी है। भाजपा कार्यकर्ता इनकी नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे। बिलासपुर नगर निगम में 11 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं, जिसमें सर्वाधिक 6 अमर समर्थकों की नियुक्ति हुई है, जबकि दो - दो धरमलाल व सुशांत समर्थक और एक धर्मजीत समर्थक को एल्डरमैन बनाया गया है। इस तरह निगम एरिया में आने वाले विधायकों के क्षेत्र के आधार पर एल्डरमैन की नियुक्ति में संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है।




गुरुवार को नगरीय प्रशासन विभाग ने एल्डमैनों की जो सूची जारी की है, उसमें भाजपा संगठन और संबंधित क्षेत्रों के विधायकों की चली है। भाजपा जिला कोर ग्रुप द्वारा पहले ही एल्डरमैनों की सूची गोपनीय तरीके से प्रदेश कोर ग्रुप को भेजी गई थी और आज जो सूची जारी हुई है, उसमें कोर ग्रुप से भेजे गए नाम शामिल बताया जा रहा है। बिलासपुर नगर निगम की बात करें तो नगर निगम में 11 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। इसमें भी सर्वाधिक 6 बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल के क्षेत्र से बने हैं, क्योंकि नगर निगम का अधिकांश एरिया बिलासपुर विधानसभा में आता है। इसके अलावा दो एल्डरमैन बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के क्षेत्र से और दो बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के क्षेत्र से तथा एक एल्डरमैन तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के क्षेत्र से बनाए गए हैं। एल्डरमैन नियुक्ति में संतुलन बिठाने का प्रयास किया गया है।

### 15 हजार मानदेय व साढ़े चार लाख रुपए विकास निधि

नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की नियुक्ति से सरकार पर वित्तीय भार पड़ेगा, इसलिए सरकार वित्तीय भार से बचने के लिए सरकार नियुक्तियों को टालती जा रही थी इन्हें प्रतिमाह 15 हजार रुपए मानदेय देना पड़ेगा। एल्डरमैन एक तरह से मनोनीत पार्षद होते हैं, इसलिए उन्हें पार्षदों की तरह हर साल करीब साढ़े चार लाख रुपए विकास निधि मिलती है, जिसे वे विकास कार्यों के लिए खर्च कर सकते हैं।

### नगर निगम में ये 11 लोग बने एल्डरमैन

बिलासपुर नगर निगम में जिन 11 एल्डरमैनों की नियुक्ति हुई है, उनमें शेखर पाल और जुगल अग्रवाल भाजपा मंडल में पदाधिकारी रहे हैं, विष्णु सोनी युवा मोर्चा, योगेश बोले भाजपा में रहे, जबकि देवाशीष घोष लाल्टू विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे। रामू साहू पूर्व में तिफरा नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं और ज्ञानचंद कौशिक पूर्व पंचायत जनप्रतिनिधि रहे हैं। सकरी क्षेत्र से अशोक ठाकुर तथा बेलतरा क्षेत्र से संतोष दुबे पूर्व सरपंच रहे तथा भगवती साहू पूर्व एमआईसी सदस्य रहे और कांग्रेस से वापस फिर भाजपा में आए थे।

### निकाय चुनाव के डेढ़ साल बाद हुई नियुक्ति

छत्तीसगढ़ में नगर निगमों समेत नगरीय निकायों के आम चुनाव जनवरी 2025 में हुई थी और निकाय चुनाव हुए डेढ़ साल बीतने के बाद एल्डरमैनों की अब जाकर सरकार ने नियुक्ति की है। इस तरह से बिलासपुर नगर निगम समेत सभी निकायों में डेढ़ साल तक एल्डरमैनों का पद रिक्त था और भाजपा कार्यकर्ता नियुक्ति की राह देख रहे थे। हालांकि निकाय चुनाव के बाद इनकी नियुक्ति के लिए उठापटक शुरू हुई थी, किन्तु बाद में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। जिला भाजपा कोर ग्रुप से प्रदेश कोर ग्रुप को कुछ महीने पहले ही सूची भेजी जा चुकी थी।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने बैंकर्स डे पर किया पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प



**बिलासपुर।** 1 जुलाई को बैंकर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर एसबीआई के रीजनल मैनेजर दीपक शेखर प्रेम ने आत्मानंद शासकीय गवर्नमेंट स्कूल के शाला परिसर में पौधरोपण किया। एसबीआई मुख्य शाखा की मुख्य प्रबंधक ज्योत्सना सिंग ने पौधे लगाए। शाला की प्राचार्य श्रीमती पाल ने भी पौधे लगाए । इस कार्यक्रम में अविनाश शर्मा प्रबंधक श्री रजक, योगेश तिवारी का योगदान रहा। मुख्य शाखा में पेंशनर्स का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें ज्योत्सना सिंग ने सभी को बैंक दिवस की शुभकामनाएं दी। भोपाल सर्किल के सह सचिव योगेश तिवारी ने कहा कि पेशनर्स आज मीटिंग में आकर प्रसन्न हुए। एसबीआई पीए के अध्यक्ष जमील अहमद ने बताया कि आज एसबीआई का ग्रोथ अत्यधिक सराहनीय है। सचिव महिर नाग ने कहा कि यह हमारी प्रमुख शाखा है जहां ग्राहकों को बेहतर सेवा मिलती है। ज्योत्सना सिंग ने कहा कि आप लोगों का योगदान सराहनीय है। एसबीआई पेंशनर्स का विशेष ध्यान है। आजाद वर्मा ने कहा कि हम मुख्य शाखा से ही अपना बैंकिंग करते हैं हमारा सहयोग हमेशा ही रहेगा। अंत में सूरज रजक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लारेन्स , डोमनिक आदि का सहयोग रहा।

### टिकिट जांच में बिलासपुर चौथे स्थान पर



**बिलासपुर।** विशेष टिकिट की जांच के साथ राजस्व आय अर्जित करने पर बिलासपुर रेल मंडल को पूरे रेलवे में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। बिलासपुर डिवीजन में बिना टिकिट, अनियमित सफर पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जांच अभियान चलाया जा रहा है। मंडल के लिंक स्टाफ ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान निर्धारित टारगेट की तुलना में 80 फीसदी अधिक जांच राजस्व अर्जित कर उपलब्धि हासिल की। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंडल रेल प्रबंधक ने लिंक स्टाफ को सम्मानित किया है।

## पालिटिक्स प्लस

### पार्षद श्याम साहू का जन्मदिन मनाया गया



**बिलासपुर।** महामाया मंदिर में दर्शन कर राजू मराठा एवं उनके समर्थकों ने वार्ड क्रमांक 63 के पार्षद श्याम साहू का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर राजू राव मराठा, महेश कुमार थडानी, नवीन रजक , धर्मेंद्र ठाकुर, बिट्टू यादव, मोनू श्रीवास, रोहित ठाकुर, शिव श्रीवास, रितेश राव, मनीष पटेल, गौतम साहू, राम कुमार साहनी, दिनेश परिहार आदि उपस्थित रहे।

### गौरव बनाए गए जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के महामंत्री



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण का गौरव दुबे को महामंत्री नियुक्त किया गया है। वे एनएसयूआई के पूर्व निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष व युवा कांग्रेस के निर्वाचित प्रदेश सचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं । वे युवा कांग्रेस के कोरबा व कवर्धा जिला प्रभारी के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं । अब उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी में जिला महामंत्री बनाया गया है।

### जीवन और काम से जुड़े रोचक किस्सो को किया साझा, समाज और युवाओं के नाम दिया संदेश

# नशे के कारोबार पर नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता : सिंह

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह का कहना है कि नशे के कारोबार से जुड़े अपराधों पर नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा है कि गंभीर अपराधों के मामलों में 22 अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई है, वहीं अपराध से अर्जित संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों से लगभग 9 करोड़ 50 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है, उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई में भी बिलासपुर पुलिस ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

- प्रेस क्लब में पहुना बनकर पहुंचे एसएसपी

एसएसपी श्री सिंह गुरुवार को प्रेस क्लब के हमर पहुना कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। जहां प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान एसएसपी श्री सिंह ने पत्रकारों से बिलासपुर पुलिस की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं के प्रति अपराधों को रोकने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही नशे के खिलाफ विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार और इससे जुड़े अपराधों पर नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता है। श्री सिंह ने बताया कि वर्तमान में पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती साइबर अपराधों की रोकथाम है। इसके लिए बिलासपुर पुलिस विभिन्न माध्यमों से आम जनता को जागरूक कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर ठगी से बचाव के लिए थाना स्तर पर हमर संगवारी समूह बनाए गए हैं।

### पुलिस कल्याण के लिए किए जा रहे कार्य

एसएसपी ने बताया कि बचपन से ही पुलिस व्यवस्था को करीब से देखने का अवसर मिला। उनके स्कूल के समीप एसपी कार्यालय होने के कारण पुलिस अधिकारियों को देखकर



उनके मन में इस सेवा के प्रति आकर्षण उत्पन्न हुआ। ग्वालियर और सिंगरौली में शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे रायपुर पहुंचे, जहां एलएलबी की पढ़ाई पूरी करने के पश्चात लोक सेवा आयोग के माध्यम से पुलिस सेवा में आए। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों सहित कई जिलों में सेवाएं देने के बाद उन्हें वर्तमान में बिलासपुर में कार्य करने का अवसर मिला है। उन्होंने दुर्ग जिले में अपनी पदस्थापना के दौरान 16 डकैती मामलों के सफल खुलासे का भी उल्लेख किया। श्री सिंह ने कहा कि इसके लिए सूचना तंत्र को मजबूत करना, जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना तथा पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पुलिस परिवार कल्याण के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें पुलिस अस्पताल और कैंटीन जैसी सुविधाओं की व्यवस्था शामिल है, जो या तो शुरू हो चुकी हैं अथवा प्रारंभ होने की प्रक्रिया में हैं।

### युवा कानून व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दें

एसएसपी श्री सिंह ने समाज और युवाओं के नाम संदेश देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान दें तथा अपराधियों की सूचना देकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि युवाओं में अपार शक्ति और इच्छाशक्ति होती है, जिसका उपयोग समाज कल्याण, न्याय और कानून की रक्षा के लिए किया जाना चाहिए, ताकि एक बेहतर और सुरक्षित समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजीत मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, सह सचिव हरि किशन गंगवानी, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव आदि मौजूद थे।

# सभी पुलिस अधीक्षक फरार आरोपियों को जल्द पकड़ें: आईजी

**बिलासपुर।** पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने रेंज के सभी जिलों के वरि पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में हुई। श्री गर्ग ने आज की बैठक धारा 173 (8) सीआरपीसी / 193(9) बीएनएसएस तथा फरारी में धारा 299 सीआरपीसी 335 बीएनएसएस के तहत पेश किए गए



चालानों के उन अपराधियों से संबंधित रही, जो अभी तक गिरफ्तार नहीं किए गए हैं। एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत धारा 173 (8) सीआरपीसी 193(9) बीएनएसएस या 299 सीआरपीसी 335 बीएनएसएस के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए पुलिस महानिरीक्षक ने जिलों को, ऐसे प्रत्येक प्रकरण के लिए ,जिनमें अपराधी गिरफ्तार नहीं किए गए हैं, उनके लिए कार्ययोजना बनाकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए। ऐसे प्रकरण जिनमें आरोपी की फरारी के दौरान ही चालान पेश किया जा चुका है, उनमें वारंट जारी कराने और उनकी तामीली सुनिश्चित करने के लिए कहा। ऐसे फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सभी पुलिस अधीक्षकों को बिंदुवार विशेष गाइडलाइन जारी की है। इसमें फरार आरोपियों की तलाश के लिए संबंधित राज्यों और अन्य जिलों की पुलिस से निरंतर समन्वय स्थापित किया जाए। फरार आरोपियों का पूरा ब्योरा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और संबंधित राज्य/जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को अनिवार्य रूप से भेजा जाए।

- फरार अपराधियों के पैन कार्ड, बैंक अकाउंट, आधार कार्ड की जानकारी जुटाकर उनके वित्तीय लेन-देन पर रोक लगाई जाए। नेटग्रिड से इनपुट प्राप्त कर पुलिस टीमों को विभिन्न स्थानों पर कैंप कराकर आरोपियों के संबंध में खुफिया जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए गए हैं। आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर फरार आरोपियों के ठिकानों का पता लगाया जाए।

### न्यायालयीन समंस वारंट की तामीली

बैठक में न्यायालय द्वारा जारी समन /वारंटों की तामीली की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षकों को न्यायालयीन समंस-वारंट की तामीली समय पर सुनिश्चित करने कहा गया। सत्र न्यायालय द्वारा गंभीर मामलों में गवाहों को लगातार जारी किए गए जमानतीय/गिरफ्तारी वारंटों की तामीली सही तरीके से न होने और कम संख्या में किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही करने के लिए भी समुचित कदम उठाने के लिए निर्देशित, किया गया। श्री गर्ग ने कहा कि यदि न्यायालय के द्वारा सम्मन /वारंट तामीली हेतु रेंज कार्यालय को भेजे जाएंगे तो लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों और नोडल राजपत्रित अधिकारी की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी।

### सीएम हेल्प लाइन से प्राप्त शिकायतों का करें निराकरण

बैठक के दौरान श्री गर्ग ने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के विभिन्न स्तरों पर की जाने वाली कार्रवाइयों को समय सीमा के अंदर शिकायतों का निराकरण किया जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक निर्धारित समय में निराकरण नहीं करने वाले थाना प्रभारियों के लिए 'शो कॉस ' नोटिस जारी करें।

# बीते साल इस समय 49 हजार हेक्टेयर में हो चुकी थी बोनी, अभी 7 सौ हेक्टेयर में अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पिछले साल एक जुलाई को जिले के 49 हजार 299 हेक्टेयर रकबे में बोनी का काम कर चुके किसान इस साल बमुश्किल सात सौ हेक्टेयर क्षेत्र में ही बोनी करके बाकी की बोनी करने आसमान ताक रहे हैं। बोनी तो दूर, ज्यादातर किसानों के खेतों में जुताई तक नहीं हो सकी है। बीते दो दिनों में जो बारिश शहर में हुई है, अगर वह बारिश ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुई होगी तो संभव है कि वहां कम से कम अब खेतों की जुताई प्रारंभ हो चुकी होगी।

- मानसून की दगाबाजी से पिछड़ गई खेती

खेती-किसानी का काम जिले में भरपूर पिछड़ा नजर आ रहा है। जिन किसानों ने बीते साल आज की तिथि तक लगभग 50 हजार हेक्टेयर रकबे में धान की बोनी कर ली थी, वहीं किसान इस साल केवल सात सौ हेक्टेयर रकबे में बोनी करके बीच में ही अटक गए हैं। अभी हाल के दो दिनों में जो बारिश शहर में हुई है, अगर वही बारिश ग्रामीण क्षेत्रों में हुई हो तो एक सप्ताह के भीतर बोनी की स्थिति में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। जबकि अब तक की स्थिति यह थी कि बारिश बिल्कुल भी नहीं होने एवं लगातार तेज धूप के प्रभाव से मिट्टी में काफी कठोरता थी।

### बारिश होते ही बढ़ेगी गति

समय पर बारिश नहीं हो पाने के कारण बीते वर्ष की तुलना में बोनी का काम पिछड़ गया है। आज की स्थिति में जिले में सात सौ हेक्टेयर में बोनी की जा चुकी है। अभी दो दिनों में बारिश हुई है व आगे कुछ दिनों तक बारिश हुई तो बोनी की गति काफी तेजी से बढ़ जाएगी।

-**पीडी हथेश्वर**, डीडीए बिलासपुर

### समाजसेवी पाटनवार हुए सम्मानित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी राजभाषा परिषद् द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में साहित्यकार शीतल प्रसाद पाटनवार का सम्मान शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि पाटनवार ने धर्म और साहित्य के माध्यम से समाजसेवा की जो अलख जगाई है वह अनुकरणीय है । परिषद् के अध्यक्ष डॉ विवेक तिवारी ने कहा कि पर्यावरण प्रेमी पाटनवार ने जहाँ छत्तीसगढ़ के प्राचीन राजधानी रतनपुर के नवोत्थान के लिए पर्यावरण संरक्षण और वहां की सुप्रसिद्ध लोक विधा रतनपुरिहा गम्मत के संवर्धन के लिए जो राह दिखाई है वह अनुकरणीय है। डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि पाटनवार जहाँ एक सुप्रसिद्ध साहित्यकार हैं वहीं वे गायत्री परिवार सहित अनेक सामाजिक साहित्यिक संस्थाओं से जुड़कर संस्कार अभियान चला रहे हैं। इस अवसर पर चैतराम श्रीवास, रामकुमार श्रीवास, द्वारिका पटेल एवं साथियों ने गीत संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीनदयाल यादव ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ रमेश चन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### बिलासा कन्या महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए ऑनलाइन पोर्टल से प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। 1 जुलाई को प्रवेश के लिए प्रथम मेरिट चयन सूची जारी कर दी गई है। 1 से 9 जुलाई तक महाविद्यालय में आवश्यक दस्तावेज एवं निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकती हैं। पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 15 जुलाई तक चलेगी।

# रोटा वायरस का टीका खत्म भटक रहे नवजात के परिजन



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए लगाए जाने वाला रोटा वायरस वैक्सीन खत्म हो चुका है। महीनों से सप्लाई चैन में आ रही दिक्कतों के कारण प्रदेश के कई जिलों में स्टॉक नहीं है। ऐसे में बच्चों को डायरिया, उल्टी और गेस्ट्रोएंटेराइटिस से बचाने की मुहिम कारगर साबित नहीं हो पा रही है। वहीं वैक्सीनेशन के लिए नवजातों को लेकर अस्पताल पहुंचने वाले परिजनों को निराशा हाथ लग रही है।

संक्रामक वायरस रोटा से नवजात बच्चों को होने वाली पेट संबंधी समस्या से बचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल में इस वैक्सीन का ओरल ड्राप बच्चों को पिलाया जाना अनिवार्य है, लेकिन वैक्सीन की कमी के चलते कई महीनों से बच्चो को समय पर ड्राप नहीं पिलाई जा रही है। जिससे नवजात बच्चों को पेट और आंतों के संक्रमण से पीड़ित होने का खतरा मंडराने लगा है। डिमांड के अनुरूप वैक्सीन का कोटा नहीं मिलने के कारण परिजनों को अस्पताल से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, खास बात यह है कि निजी अस्पताल में रोटा वायरस का वैक्सीन ड्राप 800 रूपए का मिल रहा है लेकिन सरकारी अस्पताल में टोटा छाया हुआ है।

### 2 माह में लगता है टीका

रोटा वायरस का टीका ओरल है। यह नवजात को जन्म से 2 माह के भीतर और 5 साल में 2 से 3 बार दिया जाता है। रोटा वायरस की चपेट में आने से नवजात व बच्चों को उल्टी, दस्त, बुखार, पेट में ऐंठन और पानी की कमी हो जाती है। यह वायरस मुख्यता शिशुओं को ही प्रभावित करता है।






### रेलवे बोर्ड के आदेश पर 1 जून से बढ़ाई गई जुर्माने की राशि

# 2500 की वसूली का डर नहीं : दिव्यांग कोच में सफर कर रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रेल प्रशासन ने सफर करने वाले यात्रियों के लिए टिकिट के रेट में बढ़ोत्तरी करने के बजाय बल्कि बिना टिकिट सहित अन्य कार्यों में जुर्माने की राशि को बढ़ाकर दो गुना कर दिया है। इसके साथ ही 1 जुलाई से बिना टिकिट के अलावा दिव्यांग और महिला कोच में सफर करने वाले सामान्य यात्रियों से भी 25 सौ रुपए की राशि वसूली करना शुरु कर दिया गया है।

यह वसूली आरपीएफ और कामर्शियल विभाग की टीम मिलकर कर रही है, जिसके बावजूद सामान्य यात्री बिना किसी भय के दिव्यांग और महिला कोच में सफर कर रहे हैं। ट्रेनो में सफर करने वाले सभी वर्ग के लिए रेल प्रशासन ने अलग-अलग कोच की सुविधा देकर रखी हुई है। आसपास और छोटे स्टेशनों तक सफर करने वाले यात्रियों के लिए लोकल, मेमू, पैसेंजर ट्रेनें हैं तो लंबी दूरी के लिए एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में सफर करने वाले लोगों के लिए जनरल कोच, महिला कोच, दिव्यांग कोच, स्लीपर और एसी फर्स्ट, सेकेंड से लेकर थर्ड एसी व इकॉनामी कोच लगाया गया है। जनरल कोच की संख्या इन ट्रेनों में स्लीपर और एसी कोच के तुलना में काफी कम रहती है। जनरल कोच में बर्थ से अधिक यात्रियों के खचाखच भरने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसमें किसी तरह की जांच नहीं होने की वजह से कई लोग बिना टिकिट सवार हो जाते हैं। इस पर रेलवे कामर्शियल विभाग के साथ आरपीएफ की टीम कार्रवाई कर जुर्माने की राशि भी वसूल करती है, इसके बावजूद इन यात्रियों पर कोई असर नहीं होता है। ऐसे लोगों के खिलाफ रेलवे ने एक बड़ा कदम उठाते हुए बिना टिकट यात्रा और नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बढ़ाते हुए जुर्माने की राशि में बड़ा बदलाव कर दिया है, जो एक जुलाई बुधवार से सभी रेलवे के साथ एसईसीआर के सभी स्टेशनों में भी लागू कर दिया गया है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव में बाल स्वयंसेवक हुए शामिल



बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल कार्य विभाग ने संघ के द्वितीय उत्सव हिंदवी स्वराज की स्थापना पर हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर किया। इसमें कक्षा 5 वीं से 9 वीं पढ़ने वाले बाल स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

**सशिमं तिलकनगर में हुआ आयोजन**

मुख्य वक्ता राजकुमार कश्यप बिलासपुर विभाग के सह कार्यवाह ने अपने उद्बोधन में बाल स्वयंसेवकों को छत्रपति शिवाजी महाराज के गुण, व्यक्तित्व, युद्ध कौशल की नीति, मालवों का संगठन व देश भक्ति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा में खेल व्यायाम और बौद्धिक एक्टिविटी कराई जाती है। उन्होंने संघ की प्रार्थना में पांच गुण होने के बारे में बताया। कार्यक्रम में विश्वास जलताडे प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख, बिलासपुर नगर के सह कार्यवाह चंद्रप्रकाश श्रीवास, बाल कार्य प्रमुख लोमेश शिंदे, सायं भाग कार्यवाह श्रीरंग काले, नगर सामाजिक समरसता प्रमुख हर्षवर्धन भोसले, नगर घोष प्रमुख अखिल शुक्ला, संतोष मौर्य, नागेन्द्र शर्मा, संदीप सोनी, आदर्श, यश, वैभव आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संघ की प्रार्थना कर किया गया। इसके बाद अल्पाहार व मिष्ठान वितरण किया गया।

# परिवारों को जोड़ने का संदेश, सशक्त समाज का संकल्प

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ बिलासपुर ने विद्या नगर स्थित अग्रवाल भवन में एक परिचर्चा आयोजित की। इसमें रिश्तों में प्रगाढ़ता, एकता, प्रेम, विश्वास, धैर्य, सम्मान की महत्ता विषय पर चर्चा की गई। इस विषय पर सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि सभी का प्रयास परिवार को टूटने, बिखरने से बचाने का हो।




**बिलासपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। सभी अतिथियों एवं सदस्यों का बैच पहनाकर स्वागत करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष आशा राम अवतार ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की और बताया कि अग्रोहा धाम महान समाज सुधारक श्री अग्रसेन महाराज को समर्पित है। अग्रोहा के आगृविभूति स्मारक में कुल देवी महालक्ष्मी देवी मंदिर के निर्माण कार्य के लिए उन्होंने सभी को समाज कल्याण में अपना योगदान देने प्रेरित किया। समाज की आशा, अनिता अग्रवाल व ज्योति सुल्तानिया ने संयुक्त रूप से कहा कि आज के इस बदलते परिवेश में परिवार, समाज में रिश्तों में प्रगाढ़ता, प्रेम व सम्मान का भाव कम होते जा रहा है। इस पर विचार करने की जरूरत है। जिससे आने वाली पीढ़ी पर इसका विपरीत असर न पड़े। हम सभी का प्रयास परिवार को टूटने से बचाने एवं आपसी भाई चारे की हो।

### अग्रवाल महिला सम्मेलन ने आयोजित की परिचर्चा




**भजनों की दी गई प्रस्तुति, माहौल बना भक्तिमय**

प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल, महामंत्री ज्योति सुल्तानिया ने अग्रसेन महाराज के सम्मान में भजन पेश किया। वाद्य यंत्रों की धुन के बीच इन भजनों की प्रस्तुति से पूरा माहौल आध्यात्ममय बना रहा।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आशा रामअवतार, महामंत्री ज्योति सुलतानिया, सचिव अनिता अग्रवाल, संगठन मंत्री रजनी अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी उषा सुलतानिया, गायत्री खेड़िया, चन्द्रकला अग्रवाल, राधा मित्तल, सरोज अग्रवाल, सरिता अग्रवाल एवं प्रदेश सूचना प्रभारी संध्या प्रशांत अग्रवाल उपस्थित थे।

नियुक्ति

## निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन के गांगुली बने पुन: अध्यक्ष



**बिलासपुर।** निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन बिलासपुर शाखा द्वारा हेमूनगर स्थित रामकृष्ण मंदिर के सभा भवन में द्विवार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। इसमें सम्मेलन की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें अजय गांगुली पुनः अध्यक्ष बनाए गए। सर्वसम्मति से आगामी वित्तीय वर्ष 2026-2028 के लिए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक डॉ हेमन्त चटर्जी, संरक्षकः दुर्गा दास घोष, अध्यक्ष अजय गांगुली, सचिव डॉ सोमा लाहिड़ी मल्लिक, कोषाध्यक्ष सपन राय, सहायक कोषाध्यक्ष अरुप बैरागी चुने गए। इस मौके पर निहार रंजन मल्लिक, अचिन्त्य कुमार बोस, भक्तिमय चौधरी, सुभाशीष बसाक, अनिता गोलदार, तरुण विश्वास, डॉ सुदीप्त दत्त, रीता राय, प्रबाल मुखर्जी, सौरेन्द्र नाथ चटर्जी, अशोक कुण्डु, मुनमुन सी., मौमिता चक्रवर्ती, देबाशिष सरकार, असित बरन दास, सौभिक दास गुप्ता आदि मौजूद थे।

## नाद मंजरी के सफल आयोजन के बाद समीक्षा गोष्ठी




**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संगीत एवं नृत्य महोत्सव 'नाद मंजरी सीजन-3' के सफल आयोजन की समीक्षा एवं भविष्य की रूपरेखा तय करने एक विशेष गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें आयोजन की उपलब्धियों, प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाओं, आगामी संस्करण को और अधिक भव्य बनाने एवं राष्ट्रीय पहचान दिलाने चर्चा की गई।

**संगीत, नृत्य महोत्सव के अगले संस्करण को भव्य बनाने मंथन**

गोष्ठी में थावे विद्यापीठ के कुलपति विनय कुमार पाठक, न्यायमूर्ति चन्द्र भूषण बाजपेयी, अंतरराष्ट्रीय नृत्य गुरु रिमझिम सोनी, आशुतोष सोनी, संगीत गुरु रमाकांत त्रिपाठी, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, विष्णु तिवारी, महासचिव सुरेन्द्र वर्मा, दीपक, तरुण मिश्रा, जितेंद्र सिंह ठाकुर, परमवीर मरहास एवं दिलीप सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव साझा किए। आयोजन के मुख्य संयोजक पंकज, मयूरी खंडेलवाल ने नाद मंजरी सीजन-3 की सफलता का श्रेय देश भर से आए कलाकारों, निर्णायकों, अतिथियों, स्वयंसेवकों, सहयोगी संस्थाओं एवं दर्शकों को देते हुए कहा कि नाद मंजरी अब केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भारतीय संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने वाला एक सशक्त अभियान बन चुका है। अंत में आयोजन को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान देने वालों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। सभी सदस्यों ने भारतीय कला, संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## लायंस मिडटाउन के सदस्यों ने ली शपथ

**बिलासपुर।** लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233सी में लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन का शपथ ग्रहण समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया। इसमें शपथ अधिकारी ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। बालिका सृष्टि गर्ग ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि व शपथ अधिकारी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ रिपुदमन पुसरी ने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट प्रेरणा एवं डिस्ट्रिक्ट स्लोगन सरबत दा भला के साथ सेवा कार्यों की जानकारी दी एवं पदाधिकारियों को लायन पिन से सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि पवन मलिक ने लायनवाद के कार्यों के विषय में बताया।




रीजन चेयरपर्सन अमनदीप सिंह होरा ने सदस्यता वृद्धि का आग्रह किया। जोन चेयरपर्सन आरती साहू ने मिडटाउन के कार्यों की सराहना की। स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का सम्मान किया गया। समारोह का संचालन उषा तिवारी व शंपा दत्ता ने किया। शपथ अधिकारी ने अध्यक्ष आरती अंबष्ट, उपाध्यक्ष सुमन गुप्ता, एमजेएफ सुलोचना सिंह बघेल, नीना गरेवाल, सचिव अंजिता उपाध्याय, सहसचिव रचना ताम्रकार, कोषाध्यक्ष डॉ प्रीति प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष प्रेमलता तिवारी, सीमा देवांगन, वरिष्ठ सदस्य उषा तिवारी, कुसुम गोयल, सावित्री मिश्रा, एमजेएफ संध्या पांडेय, सुषमा तिवारी, शंपा दत्ता, कस्तूरी सेठी, शशि आहूजा जीत उपवेजा, हेमलता अग्रवाल, गरिमा तिवारी को शपथ दिलाई। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर की शपथ सुधा साव, नए सदस्य रंजीत दुआ व रेखा चन्देल सहित अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली।

आयोजन

## बच्चों को शिक्षित के साथ बनाएं संस्कारवान, आर्य समाज का सत्संग



**बिलासपुर।** आर्य समाज बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता आचार्य जयदेव शास्त्री ने परिवार में विघटन व समाधान विषय पर कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कारवान बनाएं। मुख्य यजमान अश्वनी जायसवाल ने हवन कर अपना विवाह का वर्षगांठ मनाया। यज्ञ के बाद उदय राजपाल देव ने आर्य समाज के नियमों को पढ़ाया। आर्य समाज के अध्यक्ष आर्य रूपलाल चावला ने भजन प्रस्तुत किया। श्री शास्त्री ने आगे कहा कि आज जो परिवारों में कलह, विघटन हो रहा है, इसका मुख्य कारण अविद्या, अज्ञानता और संस्कारों का अभाव है। आजकल हर माता-पिता अपने संतानों को डॉक्टर, इंजीनियर, आईपीएस ऑफिसर तो बनाना चाहता है लेकिन उन्हें धार्मिक, संस्कारवान आचरणवान नहीं बनाते हैं। बिना चारित्रिक शिक्षा के संतान संस्कारवान कैसे बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा स्कूल, कॉलेज में नहीं मिलती है। प्राचीन समय में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली होती थी। जिसमें संस्कृति, सभ्यता, वैदिक संस्कार प्राथमिकता होती थी।

**40 ने किया रक्तदान, 170 का नेत्र परीक्षण**

## 4 सौ से अधिक लोगों ने लिया शिविर का लाभ





**बिलासपुर।** स्वामी टेऊंराम चालीसा के उपलक्ष्य में बाबा टेऊंराम सेवा मंडली, श्री प्रेम प्रकाश आश्रम बिलासपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 3 सौ लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 170 लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ। नेत्र परीक्षण के उपरांत 80 लोगों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। वहीं मानव सेवा के इस कार्य में 40 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में डॉ मनोज राय, डॉ ललित माखीजा, डॉ राजीव क्षेत्रपाल, डॉ एसके. गिदवानी, डॉ दीपक मेघानी, डॉ अभिषेक कलवानी, डॉ एकता कलवानी, डॉ सृष्टि सवन्नी, डॉ दीपक नाथानी एवं डॉ तरुण चिमनानी ने अपनी सेवाएं दी एवं शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। आयोजन को सफल बनाने में चंदीराम चंदनानी, माधव नाथानी, मनोहर पमनानी, मुरली खुबचंदानी, प्रभु चुंगानी, श्याम चिमनानी, श्याम वाधवानी, अमर रोहरा , गोपी पंजवानी, रमेश मनचंदा, कमल चिमनानी, सोनू पाहूजा, विक्की साजवानी, सुनील चंदनानी, खेम चुंगानी, मुकेश पमनानी, मनोज आडवानी, राहुल पाहूजा, दीप, सोनू साजवानी, सतीश सावलानी, रीतिक रोहरा, ईशान पाहूजा, विजय डिसूजा सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

## विविध प्रजातियों के पौधे लगा कर लिया संरक्षण का संकल्प

**बिलासपुर।** केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ सम्मान को समर्पित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं उनकी माताओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना, अपनी माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को सुदृढ़ करना था। पौधारोपण के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रेरक नारों के माध्यम से हरित भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम, हरियाली बने देश की शान आदि प्रेरक नारे लगाए गए। प्राचार्य रमाकांत कौशिक ने कहा कि एक पौधा केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य का आधार भी बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।




**केवी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण**

कार्यक्रम प्रभारी सुनील पाण्डेय ने बताया कि यह अभियान हमें पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति प्रेम के प्रति जागरूक एवं सजग बनाता है।

**इनका रहा सहयोग**

*इस अभियान को सफल बनाने में गुड्डी कुमारी, रवि देवांगन, अशोक देवांगन, शिक्षिका प्राची, संध्या साहू, धर्मेंद्र कौशिक, आकाश का सहयोग रहा।*

एजुकेशन

## पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर ने शैक्षणिक सत्र जुलाई 2026 से जून 2027 के लिए विभिन्न दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी प्रवेश अधिसूचना के अनुसार 1 जुलाई सुबह 10 बजे से ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय इस सत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा एवं डिप्लोमा स्तर के कुल 26 पाठ्यक्रमों में प्रवेश देगा। स्नातक स्तर पर बी.ए., बी.बी.ए., बी.कॉम., बी.लिब. एंड आईएससी, बी.एससी. (जीवविज्ञान एवं गणित) जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं। वहीं स्नातकोत्तर स्तर पर एम.ए. (छत्तीसगढ़ी, शिक्षा, अंग्रेजी, हिंदी, गणित, राजनीति विज्ञान, संस्कृत एवं समाजशास्त्र), एम.बी.ए., एम.कॉम., एम.लिब. एंड आईएससी., एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस, गणित, वनस्पति विज्ञान एवं जंतु विज्ञान) तथा एम.एस.डब्ल्यू. में भी प्रवेश दिए जाएंगे। इसके अलावा पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (पीजीडीसीए) तथा डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (डीसीए), डिप्लोमा इन योग साइंस एवं अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय को वनस्पति शास्त्र और जंतु शास्त्र के स्नातकोत्तर (एमएससी) पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोनों विषयों की शैक्षणिक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

कॉर्नर न्यूज

# व्यापार जगत के विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका महत्वपूर्ण

### कैट बिलासपुर ने किया सीए का सम्मान



**बिलासपुर।** कैट बिलासपुर ने राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस के अवसर पर नगर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया। कैट बिलासपुर के जिलाध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने देश और व्यापार जगत के विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका को रेखांकित किया। इस विशेष कार्यक्रम में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा बिलासपुर इकाई के जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल, संजय मित्तल, संगठन महामंत्री परमजीत उपबेजा एवं पदाधिकारियों ने शहर सीए एसोसिएशन के अध्यक्ष मंगलेश पांडेय, सीए सुरेन्द्र अग्रवाल, सीए कपिल सचदेव, सीए मीनल डे सहित वरिष्ठ एवं युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर उनकी निरंतर सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स न केवल कर और वित्तीय मामलों के विशेषज्ञ हैं, बल्कि वे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और व्यापारियों के सबसे भरोसेमंद वित्तीय मार्गदर्शक भी हैं। अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि चाहे जीएसटी का सरलीकरण हो, आयकर का सही नियोजन हो या व्यापार का विस्तार हर मोड़ पर सीए समुदाय ने व्यापारियों का मार्गदर्शन किया है। एक मजबूत वित्तीय अनुशासन स्थापित करने और भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का योगदान अतुलनीय है।

**सहयोग देने रहेंगे हमेशा तत्पर**

सम्मान से अभिभूत होकर उपस्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने कैट बिलासपुर की इस अनूठी पहल की सराहना की और कहा कि व्यापारी और सीए एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। व्यापार जगत की प्रगति से ही देश की प्रगति जुड़ी है और वे व्यापारियों को हर संभव तकनीकी व वित्तीय सहयोग देने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

### आईसीएआई ने रक्तदान कर मानवता का दिया संदेश



बिलासपुर शाखा सीआईआरसी, आईसीएआई द्वारा राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस पर आईसीएआई भवन, व्यापार विहार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण समारोह में सदस्यों ने आईसीएआई गीत का सामूहिक गायन किया। देश एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व्यवसाय की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा राष्ट्र निर्माण, आर्थिक विकास एवं वित्तीय पारदर्शिता में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं ने मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। शाखा अध्यक्ष सीए मंगलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स केवल आर्थिक विकास के सहभागी ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन में भी सदैव अग्रणी रहते हैं। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### पीपरडोल में किसानों को मूंगफली बीज का वितरण



**भर्रीडांड़।** कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन योजना के अंतर्गत किसानों को तिलहनी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम पीपरडोल में मूंगफली बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान 12 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंगफली की खेती हेतु कुल 26 कृषकों को उन्नत गुणवत्ता का मूंगफली बीज वितरित किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को मूंगफली की वैज्ञानिक खेती, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा फसल संरक्षण संबंधी आवश्यक तकनीकी जानकारी भी प्रदान की। साथ ही किसानों से योजना का अधिकतम लाभ उठाते हुए उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने और अधिक उत्पादन प्राप्त करने की अपील की गई। विभाग का उद्देश्य तिलहनी फसलों का रकबा एवं उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि करना तथा प्रदेश को खाद्य तेल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी योगदान देना है।

### डायरिया रोको अभियान 31 अगस्त तक

**भर्रीडांड़।** वर्षा ऋतु में बच्चों को डायरिया एवं अन्य जलजनित बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान' संचालित किया जा रहा है। ‘स्वच्छ जल, समुचित उपचार–डायरिया से बचें हर बार’ थीम पर आधारित इस अभियान के माध्यम से पांच वर्ष तक के बच्चों वाले प्रत्येक परिवार तक स्वास्थ्य सेवाएं एवं जागरूकता संदेश पहुंचाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामेश्वर शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर डायरिया से बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी देगी।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** अज्ञात कारणों से विवाहिता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना चांपा थाना अंतर्गत ग्राम सिवनी की है। आंचल सिदार की शादी करीब दो वर्ष पहले सिवनी निवासी सपन सिदार उम्र 24 से हुई थी। दंपति का 11 माह का एक बच्चा भी है। आंचल अपने पति और जेठानी के साथ एक ही घर में रहती थी। पति सपन सिदार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात आंचल अपने कमरे में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। बाद में आंचल फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना पर चांपा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की।

## पहली और दूसरी में जीरो एडमिशन, पांच कक्षाओं में 10 ने लिया प्रवेश

# सड़क पर चटाई बिछाकर पढ़ाई कर रहे छात्र

### 5 साल निजी मकान में चला स्कूल, ताला लगा तो पेड़ तले पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घुटकू के स्टेशनपारा से शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां का शासकीय प्राथमिक स्कूल पिछले कई दिनों से एक पीपल पेड़ के नीचे संचालित हो रहा है।

दरअसल प्रवासाला मूल भवन जर्जर होने के बाद पिछले 5 सालों से यह स्कूल इंदिरा आवास के एक निजी मकान में चल रहा था। मकान मालिक ने केवल 4 महीने के लिए मकान दिया था, लेकिन 5 साल बीतने पर दूसरी जगह व्यवस्था नहीं होने पर संकुल केंद्र घुटकू की शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चे सड़क पर पढ़ने को मजबूर हो गए हैं। स्कूल बनाने के लिए दो महीने पहले 11.48 लाख रुपए मंजूर हुए थे। नए भवन के लिए 23 अप्रैल 2026 को ही 11.48 लाख रुपए स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की सुस्ती के कारण निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। सरपंच का कहना है कि बारिश के बाद काम शुरू होगा। इस अव्यवस्था से तंग आकर पालकों ने बच्चों का दाखिला बंद कर दिया है, जिससे कक्षा पहली और दूसरी में शून्य एडमिशन है। स्कूल में अब सिर्फ 10 बच्चे बचे हैं और दो शिक्षकों में से एक 30 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।






#### धूप-बारिश व पेड़ से कीड़े गिरने पर छुट्टी

16 जून से नया सत्र शुरू होने के साथ ही स्कूल की यह बदहाली जारी है। शिक्षिका खगेश्वरी दुबे ने बताया कि धूप तेज होने या पेड़ से कीड़े गिरने पर छुट्टी करनी पड़ती है। यहां तक कि शोक कार्यक्रम होने पर भी स्कूल बंद करना पड़ता है। शौचालय न होने के कारण छात्राओं और महिला शिक्षकों को भारी शर्मिंदगी के बीच तालाब की मेढ़ पर खुले में जाना पड़ता है। इसी पेड़ के नीचे बच्चों को किताबें बांटी गई और रसोइया के घर में मध्याह्न भोजन पका रहा है।

#### दूसरी जगह व्यवस्था कर रहे

स्टेशनपारा स्कूल के नए भवन के लिए साढ़े 11 लाख रुपए अप्रैल में स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन सरपंच ने निर्माण नहीं कराया। फिलहाल स्कूल को दूसरी जगह शिफ्ट करने की व्यवस्था की जा रही है।

**– रामेश्वर जायसवाल, डीईओ**

## विजयपुर बना नया उपतहसील शासन ने जारी किया आदेश

**सकरी।** क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। विधायक धर्मजीत सिंह के लगातार प्रयासों और अनुशंसा के बाद छत्तीसगढ़ शासन ने विजयपुर को नई उप तहसील का दर्जा प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिया है। नवगठित विजयपुर उपतहसील अंतर्गत कंचनपुर, चोरहासिंघनपुरी, घोघरा, जुनापारा, कठमुण्डा रै, कठमुण्डा मा, भीमपुरी, बरगन, राम्हेपुर, रानीडेरा, सकेरी, डोमनपुर, जोगीपुर, सावंतपुर, विजयपुर, सफरीभाठा, खटोलिया, बांधा, दर्री, खटोला, पाली, गमजू, टिंगीपुर, नवागांव, लिम्हा, लिम्ही, बेलसरा, पोड़ी, सावाडबरा, करनकांपा, खम्हरिया, बाजार सिंघनपुरी, नेवसा,सल्हैया सहित कुल 9 पटवारी हल्का के 34 गांव को विजयपुर उपतहसील में शामिल किया गया है। विदित हो कि इसी वर्ष 13 मार्च को बजट सत्र के दौरान विधायक धर्मजीत सिंह ने विभागीय मंत्री टंकराम वर्मा से क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से अवगत कराते हुए विजयपुर को नए उपतहसील बनाए जाने की मांग की थी जिस पर मंत्री ने सदन से ही इसकी घोषणा की थी विधिवत आदेश अब कलेक्टर द्वारा जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि हमारे 34 गांव के लोगों को अपने राजस्व कार्य के लिए तखतपुर आना जाना पड़ता था जिससे उनका समय और धन दोनों खर्च होता था अब विजयपुर के उपतहसील बन जाने से उन 34 गांव के किसानों को स्थानीय स्तर पर ही नामांतरण, बंटवारा, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी इससे समय और धन दोनों की बचत होगी उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि लोगों को स्थानीय स्तर पर ही ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए इससे पहले भी हमने सकर्रा में नए उपतहसील कार्यालय का संचालन करवा दिया है अब विजयपुर में नए उपतहसील कार्यालय का संचालन शुरू हो जाएगा इससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी उन्होंने नए उपतहसील की सौगात के लिए मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री का आभार व्यक्त किया।



- विधायक धर्मजीत सिंह ने बजट सत्र में की थी मांग
- 9 पटवारी हल्का के 34 गांव के ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

## व्यापारी अपहरण कांड के फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

मरवाही थाना क्षेत्र में हुए चर्चित अपहरण कांड के तीन फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है, जबकि तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार 20 जून 2026 को ग्राम उबाड़ निवासी 41 वर्षीय गिरीश यादव का दो अज्ञात बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर अपहरण कर कार में बैठाकर ले गए थे। घटना की रिपोर्ट पीड़ित की पत्नी ने थाना मरवाही में दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अपहत गिरीश यादव को सकुशल बरामद कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना की चर्चा पूरे जिले में रही। खबर सुर्खियों में रही। हालांकि मामले के तीन आरोपी अब भी फरार हैं। इनमें प्रीत उर्फ प्रीतम खूटे (निवासी तुबार, थाना जैजैपुर, जिला सक्ती), अब्दुल खान उर्फ पप्पू (निवासी रामसागरपारा, दर्री रोड, जिला कोरबा) तथा मुकेश संधू (निवासी वीर सावरकर वार्ड, जरवाय, उर्फ हीरापुर, तेंदुआ, जिला रायपुर) शामिल हैं। पुलिस तीनों आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। दूसरी ओर जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि फरार आरोपियों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिले तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाना अथवा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने कहा है कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस के मुताबिक तीनों फरार आरोपी आदतन अपराधी हैं और इनके विरुद्ध मरवाही थाना सहित कोरबा, सक्ती तथा ओडिशा के मलकानगिरी जिले में भी गंभीर धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।



## बिजली कटौती से परेशान पूरा पंचायत के ग्रामीण, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

विद्युत कटौती से परेशान ग्राम पूरा के ग्रामीणों ने विद्युत कार्यालय पहुंचकर घेराव किया और चेतावनी दी कि यदि ट्रांसफार्मर का लोड नहीं बढ़ाया गया और कटौती बंद नही की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत पूरा के ग्रामीण गांव में हो रही लगातार विद्युत कटौती से परेशान हैं। बार बार विद्युत विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया कि कटौती बंद की जाए परंतु इस पर ध्यान ही नही दिया गया। गांव में कटौती की मुख्य वजह लोड अधिक होने के कारण सब स्टेशन से पूरी आपूर्ति नही हो पा रही है और इसी वजह से सप्लाई बाधित हो रही है जिसके कारण पेयजल सहित निस्तारी व कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है बार बार निवेदन किए जाने के बाद भी जब इनकी मांगों को पूरा कर दिया गया तो आक्रोशित ग्रामीण आज पिकअप वाहन में सैकड़ों ग्रामीण विद्युत कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी की और घेराव किया तथा विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता को आवेदन दिया गया इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि ट्रांसफार्मर का लोड नहीं बढ़ाया गया और कटौती बंद नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में सरपंच चमेली बाई सूर्यवंशी, विनोद कौशिक, सत्येंद्र पोर्ते, सतानंद साहू, अनिल कौशिक, देवी प्रसाद साहू, जगत केंवट, इंदल यादव, मिना साहू, नंदनी साहू, मुकेश कौशिक, गायत्री केंवट, सुनीता यादव, सूरज साहू, दुर्गा साहू, जानकी यादव, सुखामत यादव, लक्ष्मण साहू, जय नारायण मेहर, संतोषी शुक्ला, लक्ष्मीन कौशिक, यशवंत साहू, मोटू साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



## भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला डिजिटल मंत्र



**बोदरी।** बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के निवास स्थान पर गुरुवार को शक्ति केंद्र परसदा की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन की आगामी गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं कार्ययोजना पर चर्चा की । डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। भाजपा आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, के जिला सह-संयोजक जय रजक ने कहा कि सरल ऐप के माध्यम से कार्यकर्ता पार्टी की गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक सूचनाओं से सीधे जुड़ सकते हैं। यह ऐप डिजिटल लर्निंग एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से दिनेश पाण्डेय (जिला कार्यसमिति सदस्य), नरेश कौशिक, ज्ञानचंद्र कौशिक दुर्गेश कौशिक, तामेश कौशिक, सहस मंजार, विश्वनाथ कौशिक, राकेश कौशिक, सोनू कौशिक, बसंत विभार, राजू मेहर बघेल आदि शामिल रहे।

### सुदामा से मिलकर भाव विभोर हुए श्रीकृष्णा

**तखतपुर।** केवल कथा का श्रवण कर भर लेने से व्यक्ति ईश्वर के करीब नहीं जा पाता कथा को श्रवण कर उसके अनुरूप आचरण करने से ही कथा का लाभ मिलता है और व्यक्ति ईश्वर के निकट पहुंचता है। यह कथा मसनी के साहू परिवार में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पं सुरेंद्र कुमार द्विवेदी ने कथा विस्तार करते हुए कहा। जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने के लिए निकले तब उनकी पत्नि ने भगवान श्रीकृष्ण को देने के लिए एक मुट्ठी चावल दिया था सुदामा जब भगवान से मिलने के लिए वहां पहुंचे तब भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम में भाव विभोर हो गए और उनके महल को देखकर वे एक मुठी चांवल को देने में संकोच कर रहे थे पर भगवान श्रीकृष्ण ने भाव को समझा और उस चांवल को स्वीकार किए।



## निधन

### मंगलराम यादव



**बिलासपुर।** सिलपहरी के प्रतिष्ठित नागरिक मंगल राम यादव का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सिलपहरी के श्मशान गृह में सुबह 11 बजे किया गया। वे अपने पीछे तीन पुत्रों सन्तोष यादव, छहुरा यादव व सीलपहरी सरपंच टीका राम यादव के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेसर्स नेचुरल फूड आउटलेट जिसमें (1) श्रीमती गौरी देशकर पति अनीश देशकर मंगला रोड व (2) मधु मंडल आत्मज मणीशंकर मंडल धुरीपारा मंगला बिलासपुर पार्टनर थे। दिनांक 19.06.2026 को श्रीमती शिल्पा मंडल पति श्री मधु मंडल जे.पी. विहार मंगला को श्रीमती गौरी देशकर पति अनीश देशकर मंगला रोड बिलासपुर की जगह नया पार्टनर नियुक्त किया गया है। श्रीमती गौरी देशकर पति श्री अनीश देशकर द्वारा फर्म से स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ले ली गई है। अतः दिनांक 19.06.2026 से भविष्य में श्रीमती गौरी देशकर की मेसर्स नेचुरल फूड आउटलेट में कोई जवाबदारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**वास्ते - मेसर्स नेचुरल फूड आउटलेट बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथकर्ती**
**श्रीमती गौरी देशकर पति अनीश देशकर**
**पता-नरसिंग होम मंगला रोड, मंगला जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़**
**मो.-9827112585**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेसर्स हेल्दी फूड आउटलेट जो कि छत्तीसगढ़ भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 की धारा 58 (1) के तहत रजिस्टर्ड है। जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक 222202598525 जिसमें (1) श्रीमती गौरी देशकर पति अनीश देशकर मंगला रोड व (2) गौतम मंडल आत्मज मणीशंकर मंडल धुरीपारा मंगला बिलासपुर पार्टनर थे। दिनांक 19.06.2026 को श्रीमती मिताली मंडल पति श्री गौतम मंडल धुरीपारा मंगला को श्रीमती गौरी देशकर पति अनीश देशकर की जगह नया पार्टनर नियुक्त किया गया है। श्रीमती गौरी देशकर पति श्री अनीश देशकर द्वारा फर्म से स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ले ली गई है। अतः दिनांक 19.06.2026 से भविष्य में श्रीमती गौरी देशकर की मेसर्स हेल्दी फूड आउटलेट में कोई जवाबदारी नही होगी।

सो सूचना जानें।

**वास्ते - मेसर्स हेल्दी फूड आउटलेट बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथकर्ती**
**श्रीमती गौरी देशकर पति अनीश देशकर**
**पता-नरसिंग होम मंगला रोड, मंगला जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़**
**मो.-9827112585**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/2025-26
पक्षकार स्नेहलता पति स्व अनुप कुमार जेम्स वगैरह ..........आवेदकगण
बनाम
छ.ग. शासन ...................अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण स्नेहलता पति स्व. अनुप कुमार जेम्स वगैरह निवासी वार्ड नं. 11 ज्योतिपुर पेण्ड्रा रोड तहसील व जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा शीट नं. 05 प्लाट नं. 14/5 रकबा 4928 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में अनुप जेम्स पिता स्व. नेलसन जेम्स के नाम पर दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 22.03.2026 को हो चुकी है। उक्त भूमि को आवेदिकागण के व्दारा फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 17/7/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 30/6/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/2025-26
पक्षकार स्नेहलता पति स्व अनुप कुमार जेम्स वगैरह ..........आवेदकगण
बनाम
नलिन जेम्स पिता स्व.नेल्सन जेम्स वगैरह...अनावेदकगण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण स्नेहलता पति स्व. अनुप कुमार जेम्स वगैरह निवासी वार्ड नं. 11 ज्योतिपुर पेण्ड्रा रोड तहसील व जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा शीट नं. 05 प्लाट नं. 14/1 रकबा 2317 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में अनुप जेम्स पिता स्व. नेलसन जेम्स एवं अनावेदकगण नलिन जेम्स पिता स्व. नेल्सन जेम्स व 12 अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। आवेदिकागण के पति अनूप कुमार जेम्स की मृत्यु दिनांक 22.03.2026 को हो चुकी है। उक्त भूमि को आवेदिकागण के व्दारा फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 17/7/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 30/6/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**-:: ईश्तहार ::-**

रा0प्र0क्र0 / अ-6/2025-26
पक्षकार :- अमित रामानी पिता स्व. नारायण दास रामानी वगैरह ......आवेदकगण
बनाम
बलराम रामानी पिता स्व. नारायणदास रामानी .......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अमित रामानी पिता स्व. नारायण दास रामानी वगैरह निवासी एम.आर.जी. मार्ग कुदुदण्ड जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 12 प्लाट नं. 44/5 रकबा 154 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख मे आवेदकगण एवं अनावेदक बलराम रामानी पिता स्व. नारायणदास रामानी के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि को आवेदकगण के व्दारा पंजीकृत हकत्यागनामा के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग.भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 17/7/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 2/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम - गौरी दत्त (GAURI DATTA) पिता/पति-स्वपन कुमार दत्त अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम - गौरी दत्त (GOURI DATTA) पिता/पति - स्वपन कुमार दत्त निवास/पता - HNO-10/901, राजीव मार्ग समाधान नर्सिंग होम जरहाभाठा, बिलासपुर पिन - 495001 छत्तीसगढ़ (इंडिया) रख ली हूँ। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय/ अर्ध-शासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम - गौरी दत्त (GOURI DATTA) पिता/पति-स्वपन कुमार दत्त से जाना और पहचाना जाए।

शपथकर्ता
गौरी दत्त (GOURI DATTA)
निवास/पता - HNO-10/901, राजीव मार्ग समाधान नर्सिंग होम जरहाभाठा, बिलासपुर पिन - 495001 छत्तीसगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली-1 (चकरभाठा) जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**:: ईश्तहार ::**

मामला क्रमांकः.............../अ-6/2025-26

ग्राम- भैसामुड़ा, प.ह.नं. 39 तहसील व जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास शर्मा आ. स्व. सुरेश शर्मा निवासी ग्राम भैसामुड़ा तहसील व जिला-मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम भैसामुड़ा प.ह.नं. 39 रा.नि.नं. खैरा-सेतगंगा स्थित भूमि खसरा नंबर 16/1, 16/2, 23, 24/1 शामिल 300/11, 303, 304, 305/1, एवं 343 रकबा क्रमशः 0.48, 0.42, 0.38, 0.12, 0.10, 0.60, 0. 20, 0.41, 0.50, 0.30, 0.06, 3.84, 0.71, 0.48, 0.50, 1.46, 0.45,0.10 एकड़ के राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति दिनांक 13.07.2026 के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 30.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: सूचना :-**

क./Q/ तह./रा.नि./सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 02/07/2026

प्रति. 1. ए.डी.जी. रियल्टी प्रा.लि. द्वारा सिद्धार्थ गुप्ता पि. दिनेश गुप्ता 2. हाशिम खान 3. गुप्ता जी 4. कृष्ण कुमार 5 पुष्पा रजक. 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषयः- सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बावत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक // तह./रीडर/202 बिलासपुर, दिनांक 19/05/2026 रा.प्र.क्र.

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका ए.डी. जी, रियल्टी द्वारा सिद्धार्थ गुप्ता मंगला द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 1323/10 रकबा. 0.1092 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 07/07/2026 को सुबह / दोपहर / शाम, समय 10 से 06 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीपः- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

राजस्व निरीक्षक सरकण्डा, तहसील बिलासपुर

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर छ.ग.**

श्रीमती एलीयम्मा मैथ्यू, पति श्री टी. आई. मैथ्यू, निवासी नेहरू नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग .............अपीलार्थी

विरूद्ध

श्रीमती कल्पना सिंह, पति श्री द्वारिका सिंह, निवासी नेहरू नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ........उत्तरवादी

रा.प्र.क्र. 20251207190005 /अ-6(अ) पेशी दिनॉक 29.07.2026

प्रकरण में अपीलार्थी श्रीमती एलीयम्मा मैथ्य पति श्री टी. आई. मैथ्य निवासी नेहरू नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (रा.) बिलासपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202507072400122/अ-6(अ)/ 2024-25 पक्षकार एलीयम्मा मैथ्यू विरूद्ध कल्पना सिंह में पारित आदेश दिनॉक 18.07.2025 से क्षुब्ध होकर अपील प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई दिनॉक 29.07.26 को नियत है।

अतः उत्तरवादी श्रीमती कल्पना सिंह पति श्री द्वारिका सिंह निवासी नेहरू नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनॉक 29.07.2026 को समय 3:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। आपके इस न्यायालय पर अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनॉक 17.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(शिव कुमार बनर्जी)
अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर छ.ग.

**न्यायालय श्रीमान द्वादश अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी मोना चौहान)
**नोटिस/समंस**

समारू लोधी +02 अन्य...........वादीगण
विरूद्ध
राधेश्याम तिवारी +07 अन्य......प्रतिवादीगण

व्य.वाद. क्रमांक 53ए/2025
आदेश दिनांक 07.05.2026
पेशी दिनांकः 17.07.2026
प्रोसेस क्रमांकः-89

प्रति, 1. श्रीमती सत्यवती उम्र 38 वर्ष पति रघुनाथ 2. ऋचा उम्र 19 वर्ष पिता रघुनाथ दोनो निवासी ग्राम सैदा पोस्ट सैदा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

चूंकि वादीगण के द्वारा इस न्यायालय में एक वाद मौजा सैदा प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 345/1 रकबा 0.62 एकड़ भूमि के संबंध में स्वत्त्व कि घोषणा का वाद प्रतिवादीगणों के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया है, जो दिनांक 17/07/2026 को इस न्यायालय में सुनवाई हेतु आपके उपस्थिति हेतु नियत होकर लंबित है।

इस न्यायालय के द्वारा दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आपको नोटिस किया जाता है कि आप उक्त व्यवहार वाद प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 17/07/2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के साथ जिसको सम्यक निर्देश दिये हो अपने पक्ष के दस्तावेज सहित उपस्थित होकर तथा भाग लेकर अपनी आपति पेश कर सकते है, यदि उक्त नियत पेशी दिनांक को आप अनुपस्थित रहते है तो प्रस्तुत व्यवहार वाद का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा। एवं बाद की आपति मान्य नही होगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 17/07/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 24.6.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

पीठासीन अधिकारी मोना चौहान
न्यायालय श्रीमान द्वादश अपर
जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना / स्थल जांच**

प्रति, 1. राजकुमारी तिवारी पिता नारद प्रसाद 2. नीलू गोयल 3. राज घई 4. भरत श्रीवास

विषयः- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार के ज्ञापन दिनांक 11/06/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम घुरू प.ह.न. 61 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 64/39 रकबा 0.0170 हे. एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी राजकुमारी तिवारी पिता नारद प्रसाद निवासी बोदरी के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 09/07/26 को समय 11:00 को से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।

टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्र./सीमांकन/रा.नि./2026 दिनांक 19.06.2025

1. आवेदक साहिना परवीन पति अब्दुल गनी आवेदक के बताए अनुसार 2. होरीलाल राजपूत 3. कैलाश गुप्ता

विषयः सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक /तह./ना. तह./वा./2026, बिलासपुर दिनांक ..........

ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 254/14 रकबा 0.020 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/ आवेदिका साहिना परवीन पि./प. अब्दुल गनी निवासी बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 09.07.2026 को समय 10 से 5 बजे से किया जाना है। अतः उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीप :- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/जांच तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी
तहसील व बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृहनिर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, पं. दीनदयाल नगर सामान्य आवास योजना देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) में भवन क्रमांक एच.आई.जी 35 श्री शुभम घोष पिता श्री दिलीप घोष के नाम पर नामान्तरित है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 11.03.2026 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री रितेश जांगड़े पिता स्व.श्री राजूराम जांगड़े के नाम पर नामांतरण करने हेतु कार्यालय में आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक आदि को इस भूखण्ड के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**-:: सीमांकन सूचना / स्थल जाँच ::-**

प्रति,
1. सुधा नोरगे पति हेमुदास नोरगे 2. अजय जैन 3. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषयः- सीमांकन / स्थल जाँच में उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/अति. तह/ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 26/06/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा नं. 22/45 रकबा 0.0140 हेक्टेयर भूमि स्वामी सुधा नोरगे पिता/पति हेमुदास नोरगे निवासी अमेरी के द्वारा सीमांकन स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 03/07/2026 को समय 11:00 से 5:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन / स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
सकरी



## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बनने पर आदित्य का स्वागत



**करगीरोड कोटा।** जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण के अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री के नेतृत्व में जारी कार्यकारिणी में आदित्य दीक्षित को जिला ग्रामीण कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद नगर आगमन पर जय स्तंभ चौक नाका में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आदित्य दीक्षित का स्वागत किया। इस अवसर पर आदित्य दीक्षित ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, पार्षद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, बिना मशीह, दिलीप श्रीवास, कुलवंत सिंह, देवेंद्र कौशिक, कान्हा गुप्ता, भरत पटेल, राजू सिदार, चोला राम नायक, बसंत यादव, कमलू कश्यप, अशोक अनंत, चिंता राम, लक्ष्मीन बीझवार, प्रतीक त्रिवेदी, हरीश नामदेव, हर्ष नामदेव, शैलेश गुप्ता प्रदीप परमार, अंकुर वैष्णव, धन सिंह आमों, सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला कांग्रेस ग्रामीण के सचिव बने अवधेश

**बेलतरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति एवं अनुमोदन के पश्चात बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस कार्यकारिणी में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के भाड़ी निवासी अवधेश कश्यप को जिला सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अवधेश कश्यप लंबे समय से कांग्रेस संगठन के एक समर्पित, सक्रिय और जुझारू कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं।



### भाजपा महिला मोर्चा का बिलासपुर शहर प्रभारी बनी शीलू

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी ने शीलू साहू को भाजपा महिला मोर्चा का बिलासपुर शहर प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ में महिला मोर्चा को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। उनकी नियुक्ति के बाद बिलासपुर शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं और महिला मोर्चा में उत्साह का माहौल है। भाजपा प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से यह निर्णय किया गया है।



### बिलासपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिला महामंत्री बने राजू

**सीपत।** कांग्रेस संगठन ने अपनी नई जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री द्वारा जारी नई कार्यकारिणी सूची में सीपत निवासी राजू सूर्यवंशी को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। राजू सूर्यवंशी लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने पार्टी में जिला सचिव, ब्लॉक महामंत्री, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष तथा जिला महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है।



### भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बने शर्मा

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ ने अपनी कार्यकारणी का गठन किया है जिसमें नगर के राजकुमार शर्मा को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। मिडिया प्रभारी बनाए जाने पर राजकुमार शर्मा ने कहा कि संगठन के द्वारा जो जवाबदारी दी गई है उसे निर्वहन करने का प्रयास करूंगा मिडिया प्रभारी बनाए जाने पर प्रकोष्ठ के संयोजक कांति लाल जैन और जिला संयोजक राजेश मिश्रा के प्रति आभार प्रकट किया है।



### प्रवेश बने जिला कांग्रेस ग्रामीण के कोषाध्यक्ष

**लगरा।** छ.ग प्रदेश कांग्रेस संगठन के विस्तार एवं मजबूती की दिशा में संगठनात्मक फेरबदल के तहत युवा एवं सक्रिय कांग्रेस नेता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा छत्तीसगढ़ पटवा नामदेव समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रवेश पटवा को जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण), बिलासपुर का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सामाजिक क्षेत्र में भी वे छत्तीसगढ़ पटवा नामदेव समाज के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में समाज को संगठित करने एवं युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।



विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन का शुभारंभ

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में वीबीजीरामजी महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

केन्द्र शासन द्वारा विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत नई मजदूरी दरें अधिसूचित की गई हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आंध्र प्रदेश के तिरुपति से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसरों का विस्तार करने और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण के उद्देश्य से वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में जनसम्मेलन सह शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करने के लिए आजीविका संवर्धन, ग्रामीण अधोसंरचना के विकास तथा ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि यह मिशन ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ ग्राम विकास में जनभागीदारी को भी बढ़ावा देगा। वीबी-जी राम जी मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार, आय में वृद्धि, आधारभूत सुविधाओं का विकास तथा ग्राम पंचायतों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी ग्रामीणों से योजना का अधिकाधिक लाभ लेने और विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। डीएफओ अभिनव कुमार ने कहा कि मनरेगा को विकसित स्वरूप देते हुए वीबी-जी राम जी मिशन लागू किया गया है। इससे ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी, जिससे वे अपने परिवार के स्वास्थ्य और शिक्षा पर अधिक निवेश कर सकेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि पहले जहां रोजगार की वैधानिक गारंटी 100 दिनों की थी, वहीं अब इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। साथ ही मजदूरी दर में भी वृद्धि की गई है। यह योजना ग्रामीण विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। सम्मेलन के समापन में कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कलेक्टोरेट परिसर में कटहल के पौधे का रोपण किया। इस दौरान जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष।

## एनटीपीसी में नए एचओएचआर पात्रा का स्वागत

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत में पदस्थ नए एचओएचआर भक्त वत्सल पात्रा का मंगलवार को ताप विद्युत मजदूर संघ (बीएमएस) ने स्वागत किया। बीएमएस यूनियन के प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर नए एचओएचआर से चर्चा की। यूनियन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में श्रमिक हितों को प्राथमिकता मिलेगी तथा प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

नए एचओएचआर भक्त वत्सल पात्रा ने यूनियन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनटीपीसी परिवार की प्रगति और कर्मचारियों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता रहेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद एवं सहयोग के साथ सभी मिलकर सकारात्मक वातावरण में कार्य करेंगे तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम में बीएमएस के महामंत्री सुशील सूर्यवंशी, अध्यक्ष देवप्रताप टंडन, कार्यकारिणी अध्यक्ष अंकुर दीवान सहित संदीप शर्मा, प्रीतम सिंह राजपूत, चेलेंजर सिंह, सतीश गिरी, अविनाश चौबे, उमेश साहू, प्रफुल सिंह, रजनीष बनर्जी, अर्जुन वस्त्रकार, रमेश सिंह, ललित साहू, रामकुमार केवट, राजकुमार पटेल, जुगल मिश्रा, सतीश दास, शंकर पटेल, हुसैन कुर्रे, टिकेश्वर पटेल, देव कुर्रे, सतीश गुप्ता, सुनील यादव, दौलत राजपूत, शोमधर दीवान, आशीष, सुशील यादव, दानी खरे, धीरेन्द्र मंजारे सहित लगभग 50 से अधिक बीएमएस कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।



स्वागत करते बीएमएस यूनियन के पदाधिकारी।

### एसडीएम से अधिक दर पर खाद बेचने की शिकायत

**लोरमी।** शासकीय दर से अधिक में यूरिया खाद बेचने पर कांग्रेसियों ने किसान के साथ एसडीएम अजीत पुजारी को ज्ञापन सौपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में किसान शिकायत कर्ता लखन लाल कश्यप पिता स्व. झड़ीराम कश्यप निवासी ग्राम सरईपतेरा ने ज्ञापन में उल्लेख कर बताया कि वे एक किसान हैं। यूरिया खाद की आवश्यकता पड़ने पर 1 जुलाई को समय 5 बजे नगर के मुंगेली रोड स्थित एक कृषि केन्द्र में किसान ने अपने पत्नि के आधार कार्ड को लेकर खाद लेने गया था। उसने 5 बोरी यूरिया खाद मांगा जिसमें उसके द्वारा 620 रुपए की दर से 3100 थमा दिया, इसके बाद बढ़ी दर का विरोध करते हुऐ कहा कि खाद जो है 266 रूपये में मिल रहा है, लेकिन आप 620 रूपये के हिसाब से खाद की प्रति बोरी जोड़ रहे है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मासिंह क्षत्रिय, कृषि सभापति विद्यानन्द चंद्राकर,नितेश पाठक, लखन कश्यप, रामप्रकाश यादव, सोहन वर्मा, नागेश पटेल, पुरुषोत्तम मार्को, प्रकाश वैष्णव, रामशरण खांडेकर, रामनिहोरा कश्यप, लक्ष्मीणाय जायसवाल, जाकिर हुसैन, छोटेलाल, राकेश रजक, दिलीप साहू सहित अन्य शामिल रहे।

## तखतपुर नपा में बनाए गए पांच एल्डरमैन







**तखतपुर।** नगर पालिका से एल्डरमैन के लिए पांच व्यक्तियों को नामांकित किया गया है। इनमें आरती घनश्याम शिवहरे, किशन सचदेव, सुनील देवांगन, ज्ञान सिंह ठाकुर एवं लक्ष्मी पाण्डेय के नाम शामिल हैं। एल्डरमैन बनाए जाने पर आरती घनश्याम शिवहरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं की परिश्रम और भावनाओं की कद्र करती है। इस पार्टी में एक कार्यकर्ता भी सर्वोच्च मुकाम हासिल कर सकता है। पार्टी ने मुझे एल्डरमैन बनाया है उसके लिए मैं पार्टी का एवं प्रदेश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधायक धर्मजीत सिंह का आभारी हूं। मैं अपनी पूरी निष्ठा के साथ इस दायित्व का निर्वहन करते हुए विश्वास पर खरा उतरूंगी।

## नपा लोरमी में 5 एल्डरमैन, युवाओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी







**लोरमी।** नगर पालिका में पांच नए एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री तथा स्थानीय विधायक अरुण साव की अनुशंसा पर इन नियुक्तियों को स्वीकृति मिली है। खास बात यह है कि नियुक्त किए गए सभी एल्डरमेन युवा हैं, जिससे नगर विकास कार्यों में नई ऊर्जा और नए विचारों के आने की उम्मीद जताई जा रही है।

नियुक्त एल्डरमैन में अशोक साहू, अमिताभ तिवारी, विनोद सिंह राजपूत, नितेश (मिंटू) अग्रवाल, दुश्यंत खत्री शामिल हैं। इनमें अशोक साहू एवं विनोद राजपूत पूर्व में निर्वाचित पार्षद रह चुके हैं। अमिताभ तिवारी एबीपीवी से लेकर संगठन कार्य अनुभव एवं नितेश एवं दुष्यंत को पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ता पर युवा चेहरे को तव्वजो दिया गया है। नवनियुक्त एल्डरमैन ने अपनी नियुक्ति पर नगरीय निकाय मंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नगर हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर की मूलभूत समस्याओं साफ-सफाई, पेयजल, सड़क और अन्य जनसुविधाओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

## मल्हार में तीन की नियुक्ति, बोले- पूरी निष्ठा से करेंगे काम





**मल्हार।** नगर पंचायत मल्हार के लिए वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामनारायण सीटू कश्यप, ठाकुर धर्मेंद्र सिंह व रवि कैवर्त को एल्डरमैन नियुक्त किया गया। तीनों नियुक्त एल्डरमैन मल्हार भाजपा मंडल में लंबे समय से पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रहे है इसलिए प्रदेश, जिला व मंडल अध्यक्षो की अनुशंसा पर इनकी नियुक्ति की गई है।

गुरुवार की शाम इन तीनों की आधिकारिक नियुक्ति की घोषणा हुई। एल्डरमेन नियुक्ति के बाद तीनों ने कहा कि जिस विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी नियुक्ति की है उसी के अनुरूप नगर विकास में सहभागी बनकर शासन के योजनाओ को क्रियान्वित करने प्रतिबद्ध रहेंगे और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओ को पहुचाकर लाभ दिलाएंगे। साथ ही धर्मनगरी के अनुरूप मल्हार का विकास हो यह सुनिश्चित करेंगे। तीन जनप्रतिनिधियों ने नियुक्ति के पश्चात सीएम सहित भाजपा नेताओं का आभार जताया है।

## मुंगेली में वर्मा, साहू, अमितेश, तंबोली व खेमराज मिली जिम्मेदारी






**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद मुंगेली में डॉ. संजय वर्मा, लेखु साहू, अमितेश (विज्जू) आर्य, राजहंस तंबोली और खेमराज मोहले को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद मुंगेली के लिए एल्डरमैन मनोनीत पार्षद की नियुक्ति संबंधी आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया है। जारी सूची में नगर की राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े पांच प्रमुख नामों को एल्डरमैन के रूप में मनोनीत किया गया है। इनमें पूर्व पार्षद डॉ. संजय वर्मा, युवा नेता अमितेश 'विज्जू' आर्य, डॉ. लेखू साहू, राजहंस तम्बोली एवं खेमराज मोहले को एल्डरमेन नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उत्साहित है। नगर पालिका परिषद में शासन के प्रतिनिधि के तौर पर एल्डरमेन नियुक्ति पश्चात नगर में करोड़ों रूपए की विकास कार्यो में गति आने की उम्मीद की जा रही है।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक में शिक्षक संगठन के प्रमुख हुए शामिल



**पथरिया।** विकास खण्ड में शिक्षा विभाग के परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक बीईओ पी मण्डलोई के अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षा विभाग के सभी मान्यता प्राप्त संगठनों के ब्लाक प्रमुख शामिल हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा विकास खण्ड में शिक्षा का विकास एवं शिक्षक कल्याण था।

बैठक की शुरुआत में बीईओ प्रतिभा मण्डलोई ने कहा कि मुंगेली कलेक्टर के मार्गदर्शन में विकास खण्ड का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा जिसे इस वर्ष भी निरन्तर रखना है। यह बैठक पथरिया के शिक्षा स्तर को बेहतर करने के लिए व्यवस्था में आवश्यक सुधारने लाने के सुझाव के लिए बुलाई गई है। इसके लिये सभी शिक्षक शिक्षिका समय पर प्रतिदिन शाला जाएं। बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर सीधे कार्रवाई होगी। उन्होंने शिक्षकों से स्कूल में मन लगाकर अध्यपन कार्य करने को कहा और उनसे सम्बंधित मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया। सभी पदाधिकारियों ने बीईओ के पहल को समर्थन करते हुए आगामी शिक्षा सत्र में सौ फीसदी परिणाम लाने की बात कही। इस दौरान संगठनों ने अपनी मांगों को प्रशासन के सामने रखा। बैठक में संकुल समन्वयक संघ के ब्लाक अध्यक्ष मोहित खंडे, शालेय शिक्षक संघ के अध्यक्ष गुना राम निर्मलकर, सयुक्त शिक्षक संघ के प्रतिनिधि राजेन्द्र ठाकुर, छग टीचर्स एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष विश्वनाथ राजपूत, अनुसूचित जन जाति शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शीलेंद्र, सहायक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगदीश टण्डन, परदेशी यादव, यशवंत साहू, सहित शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धा, भक्ति के साथ मना सदगुरु कबीर का प्राकट्य उत्सव

**मुंगेली।** जिले में सदगुरु कबीर साहब का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले भर से बड़ी संख्या में कबीर पंथी समाज के अनुयायी मुंगेली स्थित कबीर कुटीर पहुंचे, जहां सर्वप्रथम विधि-विधान से निशान पूजा संपन्न हुई। पूजा-अर्चना के बाद सदगुरु कबीर साहब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होकर पुनः कबीर कुटीर पहुंचकर संपन्न हुई।

शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने कबीर साहब के जयकारे लगाए और भक्ति गीतों के साथ नगर का वातावरण भक्तिमय बना दिया। विभिन्न चौक-चौराहों पर सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। वहीं श्रद्धालुओं के लिए भोग-भंडारे की भी व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में महंत आरतीदास, राज्य प्रतिनिधि सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में जिला, तहसील एवं ग्रामीण स्तर पदाधिकारियों ने सक्रिय सहयोग किया। महंत आरतीदास ने निशान पूजा के उपरांत कबीर साहब के उपदेशों और मानवता, समानता तथा सदाचार के संदेश पर प्रकाश डालते हुए धर्मानुयायियों को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर नवागढ़ तिहारे में प्रस्तावित कबीर चौक के लिए स्थल का भी चिन्हांकन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, सलाहकार छत्रपाल गोस्वामी, जिला प्रतिनिधि रमेश साहू, तोषण दास, महंत अश्वनी दास, महंत पेखन दास, महंत विवेक दास, महंत जुगराज दास, महंत दासन दास, महंत भगवान दास, खेलन राम, राजेन्द्र साहू, सुमरन दास, विक्रम मानिक, संतोष दास, हेमंत दास, जगमोहन दास, गिरीश दास, भाउ राम, लक्ष्मी साहू सहित मंजू, नंदनी, ममता, उलास, नगीना, श्यामा, दीप मालिका, लक्ष्मीन, शैल, उपासना, उर्मिला, अंजनी, अनुपा एवं बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।



शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

ग्रामीणों को मिलेगा नियमित एवं शुद्ध पेयजल

# धनगांव गोसाई में जल जीवन मिशन योजना पुनः होगी सुचारु

**जरहागांव।** ग्राम धनगांव गोसाई में पेयजल समस्या को लेकर हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने त्वरित पहल करते हुए जल जीवन मिशन योजना को पुनः सुचारु करने की दिशा में कार्य तेज कर दिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रभावित पाइपलाइन की मरम्मत अंतिम चरण में है तथा शेष कार्य पूर्ण होते ही ग्रामीणों को नियमित, सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

विभाग ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना का निर्माण कार्य जनवरी 2023 में पूर्ण होने के पश्चात ग्राम में नियमित जलापूर्ति प्रारंभ कर दी गई थी। बाद में सड़क निर्माण, चौड़ीकरण कार्य, विद्युत पोल स्थापना के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने तथा जलागार के मुख्य द्वार एवं क्लोरीनेटर मशीन की चोरी जैसी अप्रत्याशित घटनाओं के कारण योजना प्रभावित हुई। इन बाधाओं के बावजूद विभाग ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सुधार कार्यों को प्राथमिकता दी है। विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि एक अन्य जल स्त्रोत को भी मुख्य व्यवस्था से जोड़ दिया गया है, जिसकी तकनीकी परीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नियमित आपूर्ति प्रारंभ कर दी जाएगी। साथ ही भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम के लिए नए आर.ओ. प्लांट की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भी भेजा गया है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद जल जीवन मिशन योजना फिर से प्रभावी ढंग से संचालित होगी और ग्रामवासियों को लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। विभाग ने आश्वस्त किया है कि ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जा रहे हैं।



### अफसरों ने किया निरीक्षण

समस्या के समाधान हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनपद पंचायत एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम में उपलब्ध सात पावर पंप एवं तीन हेडपंपों की स्थिति का आकलन किया गया। इनमें से पेयजल योग्य स्रोतों को व्यवस्थित कर ग्रामीणों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। स्कूल परिसर स्थित जल स्रोत की सफाई कर उसे पुनः उपयोग योग्य बनाया गया है, वहीं पंचायत द्वारा अतिरिक्त सिंटेक्स टंकियों एवं पंपों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।



## स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच

**बोदरी।** ग्राम मंगला में 30 जून को विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 72 स्वैच्छिक रक्तदाताओं को आयोजन समिति द्वारा प्रमाण-पत्र एवं हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री केयर हॉस्पिटल जोंधरा की चिकित्सक टीम द्वारा 100 से अधिक मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ परामर्श एवं दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर सोमेश तिवारी भाजपा जिला महामंत्री बिलासपुर शहर, भोलाराम साहू भाजपा महामंत्री बरतोरी मंडल,नरोत्तम यादव, दुर्गेश श्रीवास, जोहित साहू, जन्तराम कैवर्त ,हरेंद्र यादव ,उमेश खुसरो, उत्तरा साहू , नंदलाल निषाद, योगेश साहू, वीरेंद्र यादव, नीलांबर पटेल, जितेंद्र पटेल और क्षेत्र से आए रक्तदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का सफल आयोजन में योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत

**बिलासपुर।** बारिश आते ही सर्पदंश के मामले बढ़ने लगे हैं। बुधवार की रात को बाथरूम जाने उठी बुजुर्ग महिला को सांप ने काट लिया। परिजनों ने उसे बिल्हा अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन स्वास्थ्य सुधार नहीं होने पर सिम्स भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बिल्हा क्षेत्र के सेंवार निवासी राजीम बाई लोनिया उम्र 61 वर्ष बुधवार की रात घर पर सोई हुई थी, इस दौरान रात में वह बाथरूम जाने के लिए कमरे से बाहर निकली, इस दौरान घोड़ा करात जैसे सांप ने उन्हें डस लिया। जिसके परिजनों की नींद खुली और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेजाया गया, लेकिन इलाज में हो रही देरी के कारण परिजनों ने उन्हें सिम्स ले जाने की बात कही। बुजुर्ग महिला को सिम्स लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कर पीएम कराया है और शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पकड़े गए बाइक चोर व खरीददार



**बिलासपुर।** सशक्त ऐप के माध्यम से पुलिस ने चोरी की दो बाइक, एक एक्टिवा सहित दो युवक व दो खरीददारों को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले कुछ समय से शहर के सभी इलाकों से लगातार बाइक चोरी हो रही थी। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लालखदान केंवटपारा निवासी दुर्गेश निषाद पिता अशोक निषाद 23 साल, ईश्वर निषाद पिता विजय निषाद 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने सिविल लाइन, सिरगिट्टी, बिल्हा से दो बाइक, एक एक्टिवा चोरी कर बेचना बताया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर खरीददार आशुतोष कुमार मिरी पिता संतोष मिरी 29 साल गणेशनगर चुचुहियापारा, लक्ष्मण विश्वकर्मा उर्फ गोविंदा पिता प्रमोद विश्वकर्मा 29 साल लालखदान निवासी को गिरफ्तार उनके कब्जे से चोरी की दो बाइक, एक एक्टिवा जब्त किया है।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** बाइक चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्रामीण को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिय है। कोटा पुलिस के अनुसार, नेवरा निवासी भागवत प्रसाद साहू 1 जुलाई को सुबह 10.30 बजे खेत से पैदल घर लौट रहे थे। हाई स्कूल के पास गनियारी की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 28 पी, 6517 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए श्री साहू को टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन के द्वारा उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने बेटा लक्ष्मीनारायण साहू की रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंचा मामला

बवाल मचने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मोबाइल नंबर के साथ फिर से जारी की सूची

# कांग्रेस ने महामंत्री बनाया एक शिव को, दूसरे शिव ने मना लिया जश्न

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को यदुनंदन नगर निवासी पूर्व पार्षद शिव यादव को बिलासपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस का महामंत्री बनाया, लेकिन हम नाम होने के कारण तिफरा निवासी पूर्व पार्षद शिव यादव ने महामंत्री बनने का जश्न मना लिया। जानकारी सामने आने के बाद गुरुवार को बवाल मच गया, मामला प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंचा, जिसके बाद गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मोबाइल नंबर के साथ कार्यकारिणी की फिर से सूची जारी की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिलासपुर जिला कांग्रेस ग्रामीण की नई कार्यकारिणी की सूची बुधवार को जारी की थी। इस सूची में महामंत्री पद के लिए 18 लोगों का नाम शामिल है, जिनमें से एक नाम शिव यादव का भी शामिल है। जिला कांग्रेस ग्रामीण की सूची जारी होने के बाद तिफरा निवासी पूर्व पार्षद शिव यादव ने नियुक्ति होने की खुशी में जश्न मना लिया, चूंकि जिला महामंत्री पद के लिए यदुनंदन नगर निवासी पूर्व पार्षद शिव यादव का नाम गया था, इसलिए दूसरे शिव यादव यादव द्वारा बधाई संदेश छपवाना किसी को हजम नहीं हुआ, उसके बाद महामंत्री पद को लेकर बवाल खड़ा हो गया।

### रात तक वायरल होती रही नई सूची, सचिव में भी त्रुटि

शिव यादव नाम के दो कांग्रेसजन होने के नाते जिला महामंत्री पद को लेकर जो असमंजस की स्थिति निर्मित हुई और उसे लेकर जो बवाल कांग्रेस संगठन में मचा, यह चर्चा का विषय बना रहा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मोबाईल नंबरों के साथ सूची जारी करने के बाद आज की नई सूची कांग्रेसजनों के बीच रात तक वायरल होते रही। जिला कांग्रेस ग्रामीण की कार्यकारिणी सूची में एक और त्रुटि हुई थी। इस सूची में सचिव पद के लिए मुकेश भाराद्वाज लिखा था, जिसे आज सुधारकर मुकेश बंजारे नाम से सूची जारी की गई है।

यहां तक इस पूरे मामले को लेकर कुछ कांग्रेस नेता आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रायपुर गए थे और यह मामला प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंचा दिया। इसके बाद असमंजस की स्थिति को दूर करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को फिर से बिलासपुर जिला कांग्रेस ग्रामीण कार्यकारिणी की नई सूची जारी की। इस बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नाम, पदनाम के साथ उनके मोबाईल नंबर भी जारी कर दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अखबारों में विज्ञापन छपवाने वाला तिफरा निवासी शिव यादव नहीं, बल्कि यदुनंदनगर निवासी शिव यादव जिला ग्रामीण कांग्रेस में महामंत्री नियुक्त हुआ है।

### दूसरी सूची जारी की गई है

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला ग्रामीण कांग्रेस की जो कार्यकारिणी सूची जारी की गई थी, लेकिन शिव यादव नाम के दो लोग होने के कारण असमंजस की स्थिति बन गई थी। आज फिर से मोबाईल नंबर के साथ सूची जारी हुई है जिसमें यह स्पष्ट हो गया है कि यदुनंदनगर वाले शिव यादव को महामंत्री बनाया गया है।

**-महेन्द्र गंगोत्री**, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण

चार दिनों तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया अभियान

# अभी भी नहीं रुका अवैध उत्खनन, सात वाहन सहित 840 घनमीटर रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। पिछले कई दिनों से विभाग की टीम के द्वारा चलाए गए छापामार अभियान में 1 चैन माउंटेन, 1 जेसीबी, 3 हाइवा व 2 ट्रैक्टर ट्राली सहित 840 घनमीटर रेत की जब्ती की गई है। जब्त किए गए सारे वाहन पुलिस अभिरक्षा में रखे गए हैं।

■ पुलिस अभिरक्षा में रखे गए सभी जब्त वाहन

खनिज विभाग द्वारा गठित टीम ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण को लेकर फिर बड़ी कार्रवाई की है। चार दिनों तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के अंतर्गत खनिज अमले के द्वारा सिल्पहरी, पोड़ी,रतनपुर, दार सागर, बेलगहना, सोढाखुर्द, पौसरा, सेलर, जांजी, उरतुम, मंगला, तुरकाडीह, लोखड़ी क्षेत्र की जाँच की गयी।

जाँच के दौरान पोड़ी क्षेत्र से खनिज मिट्टी का उत्खनन करते पाए गए 01 चैन माउंटेन व 02 हाइवा वाहनों को जप्त किया गया। सोढाखुर्द क्षेत्र में खनिज रेत का बिना वैध अनुमति भण्डारण किए जाने पर 600 घन मीटर रेत जब्त की गई है। दार सागर क्षेत्र से बिना वैध अनुमति के भण्डारण किए जाने पर 240 घन मीटर रेत जब्त की गई है। इसी तरह मंगला अंतर्गत पाट बाबा क्षेत्र से अरपा नदी से खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते 01 जेसीबी मशीन व 01 हाइवा वाहन को जब्त किया गया।





टीम के द्वारा जांजी क्षेत्र से खनिज रेत का उतखनन करते 01 ट्रैक्टर ट्राली तथा उरतुम क्षेत्र से खनिज रेत का उत्खनन करते 01 ट्रैक्टर ट्राली वाहन को जब्त किया गया है। इस प्रकार जब्त कुल 07 मशीन एवं वाहनों में से 06 वाहन व मशीन को पुलिस थाना सिरगिट्टी व कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है एंव चैन माउंटेन मशीन को यथास्थान सील बंद किया गया है।

### की गई है कार्रवाई

विभाग की टीम के द्वारा लगातार कई दिनों तक छापामार अभियान चलाया गया था। इस दौरान विभिन्न मामलों में सात वाहनों की जब्ती करते हुए 840 घनमीटर रेत भी जब्त की गई है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर खनिज विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जाती रहेगी।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**, उपसंचालक खनिज विभाग

# कांकेर में बाघ की खाल मिलने के बाद एटीआर में बढ़ाई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ पूरे प्रदेश के सहित एनटीसीए में भी हड़कंप

कांकेर में दो बाघ की खाल मिलने के बाद पूरे प्रदेश के साथ एनटीसीए में भी हड़कंप मच गया है, जिसके बाद मुख्यालय की ओर से सभी टाइगर रिजर्व के साथ एटीआर में निगरानी और पेट्रोलिंग बढ़ाने का आदेश मिलने के बाद निगरानी बढ़ा दी गई है।

प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ने के बजाय लगातार कम होती जा रही है। वहीं इन बाघों के संरक्षण और संवर्धन पर करोड़ों रुपए खर्च के बाद भी सुरक्षा का कोई भी नामोनिशान नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान में अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या करीब 14 है, जिसमें मेल, फिमेल के साथ शावक भी शामिल हैं। इसी तरह रायपुर और कांकेर के टाइगर रिजर्व का भी हाल है। इन सभी टाइगर रिजर्व में अफसरों का मुख्य फोकस टाइगर की सुरक्षा पर अधिक होता है। कुछ दिन पहले प्रदेश में एक बाघ की बीमारी से मौत के कारण वन्यप्राणी संरक्षण तंत्र की संवेदनशीलता पर बहस छेड़ी थी, वहीं अब दो बाघों की खाल के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को पकड़ा गया है। दो आरोपियों की बाघ की खाल के साथ गिरफ्तारी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सीमा पर हुई है।

एनटीसीए तक सूचना पहुंचने के बाद इस मामले की जांच के सख्त आदेश दिए गए। मुख्यालय की ओर से जांच की गई कि दो बाघों की खाल सीमा तक कैसे पहुंची और इसके पीछे केवल दो लोगों का अपराध नहीं हो सकता है। शिकारियों, स्थानीय मुखबिरों, परिवहन नेटवर्क और खरीददारों की भी खोजबीन शुरु की गई। विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश का टाइगर लैंडस्केप आपस में जुड़ा हुआ है। अचानकमार टाइगर रिजर्व, उदंती सीतानंदी, इंद्रावती, गुरुघासीदास तमोर पिंगला सहित वन क्षेत्र बाघों के आवागमन के महत्वपूर्ण कारीडोर हैं। बिलासपुर संभाग के अचानकमार टाइगर रिजर्व में अतिरिक्त निगरानी करने का आदेश भी जारी कर दिया गया है। यहां पहले भी शिकार, बिजली के करंट, फंदों और मानव वन्यप्राणी संघर्ष जैसी घटनां सामने आती रही हैं।

### 24 घंटे निगरानी

अचानकमार टाइगर रिजर्व में दूसरे वन्यप्राणियों के अलावा टाइगर की संख्या भी कम नहीं है। बारिश के मौसम में वैसे भी एटीआर का गेट आवागमन और भ्रमण के लिए बंद कर दिया जाता है। यहां केवल एटीआर के ग्रामीणों को आने-जाने की अनुमति है। वहीं गेट से संदिग्ध व्यक्तियों के आने पर पूछताछ और जांच के बाद ही अंदर प्रवेश करने की अनुमति होती है। इसके साथ ही एटीआर के अंदर पेट्रोलिंग के साथ 24 घंटे निगरानी भी शुरु कर दी गई है।

**-अभिनव कुमार**, डीएफओ, मुंगेली

# हाईवे पर वाहन पार्क करना पड़ेगा भारी, भरना होगा जुर्माना

**बिलासपुर।** शहर के आउटर पर बेतरतीबी से सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों पर अब चालान कटने लगा है। कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले दो दिनों में ही विभाग ने 45 हजार का चालान जमा कर दिया है। वहीं परिवहन अधिकारी लगातार पेट्रोलिंग कर वाहन खड़ा करने वालों को सख्त हिदायत दी जा रही है।

परिवहन विभाग द्वारा रोड साइड पर पार्क वाहनों पर कार्रवाई तेज कर दी गई है। हाल ही में कलेक्टर द्वारा मिले निर्देश के बाद फ्लाइंग की टीम 3 दिनों से लगातार कार्रवाई कर रही है। बिलासपुर-रायपुर मार्ग के पेंड्रीडीह बायपास पर रोजाना दर्जनों ट्रक, हाइवा और अन्य भारी वाहन खड़े होते है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसे लेकर फ्लाइंग की टीम ने मंगलवार को 3 वाहनों पर 7 हजार का चालान काटा, वहीं बुधवार को 37 गाड़ियों से 38 हजार 900 रूपए का चालान काटा गया है। बताया जा रहा है कि 3 दर्जन वाहन चालकों को सड़क पर वाहन खड़ी नहीं करने की हिदायत भी दी गई है। खास बात यह है कि दिन के किसी भी समय फ्लाइंग की टीम मौके पर पहुंच कर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि शहर के 4 दिशाओं की सड़कों पर इस तरह की कार्रवाई आगामी दिनों पर की जाएगी। जिससे बारिश के दिनों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में कामयाबी मिलेगी।



■ परिवहन विभाग को मिला निर्देश ई चालान से वसूली

### की जा रही है कार्रवाई

फ्लाइंग की टीम कई जगहों पर कार्रवाई कर चुकी है। गुरूवार को भी कई जगहों पर कार्रवाई हुई है। इस दौरान ज्यादातर वाहन चालकों को हिदायत दी जाती है और अलग-अलग धाराओं पर चालानी कार्रवाई की जा रही है।

**-प्रशांत शर्मा**, प्रभारी, परिवहन विभाग

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर युवक से मारपीट कर चाकू और लोहे की कुर्सी से हमला कर दिया गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मसानगंज के पास बाइक से गिरकर प्रिंस रोहरा घायल हो गया। सूचना पर स्वयं खटिक ने दोस्तों के साथ मौके पर जाकर उसे अस्पताल ले जाकर दवा कराने के बाद घर छोड़ा। उसके बाद स्वयं खटिक दोस्तों के साथ संतोष भवन चौक होते जा रहे थे। संतोष भवन के पास मेहुल जात्रे, प्रकाश निषाद, धनंजय वस्त्रकार आए तुम लोग यहां क्या कर रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर स्वयं खटिक के साथ चाकू व लोहे की कुर्सी से हमला लगे। दोस्तों के द्वारा बीच बचाव करने पर हमलावर भाग गए। घायल स्वयं खटिक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# सामाजिक बहिष्कार का आदेश वायरल कर प्रताड़नाः जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सोशल मीडिया में समाज से बहिस्कार करने का आदेश वायरल करने वाले समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



■ कोर्ट के आदेश पर समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

कोटा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आकाश चौधरी ने बताया कि कोटा मिशन कम्पाउन्ड निवासी हरीश लाल पिता हनुक एच लाल का परिवार क्रिश्चन समाज सीएनआई चर्च कोटा स्थाई सदस्य है। विगत दो सालों से समाज की नई कमेटी का गठन हुआ, तब से समाज के पदाधिकारी अकारण समाज की गतिविधियों से उनके परिवार को अलग कर समाज के नियमों एवं प्रक्रिया ग्रीन बुक को ताक में रखकर और समाज के सदस्यों को झूठी बाते कहकर उनके परिवार के विरूद्ध भड़काकर प्रताड़ित कर रहे हैं। इन लोगों ने बिना किसी विधिक अधिकार के उनके परिवार के सदस्यों को चर्च समाज से नाट इन गुड स्टैंडिग में डालकर चर्च समाज से निकाला गया है और उनके परिवार का बहिष्कार किया गया है। उसके बाद आदेश को सोशल मीडिया में वायरल कर प्रताड़ित किया गया है।

श्री लाल ने समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पदाधिकारी सौरभ पीटर्स, राजा सालोमान, अनिल मसीह, थियोडोर पीटर्स, सुनीलेश, सुलेमान दास, मनीष आर मसीह के खिलाफ नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की धारा 7, 2, सूचना प्रोधौगिक संशोधन अधिनियम 2008 की धारा 66 डी व बीएनएस की धारा 196, 1 बी, 196, 2, 351, 2, 352, 353, 2, 353, 3, 356, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# फूड सेफ्टी की कार्रवाई, सैंपल जब्त

**बिलासपुर।** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत मिली शिकायत के बाद फूड सेफ्टी विभाग ने व्यापार विहार स्थित दुकानों में मसालों का सैंपल जब्त किया है। विभाग की कार्रवाई से व्यापारियों में रोष उत्पन्न हो रहा है, दरअसल विभाग सैंपल कलेक्शन करता है लेकिन इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जा रही है। जिससे मामले में संदिग्धता प्रतीत होती है।

गुरूवार की सुबह व्यापार विहार के अनिल ट्रेडर्स में फूड सेफ्टी विभाग की टीम पहुंची इस दौरान अधिकारियों ने एवरेस्ट मसालों के कुछ सैंपल कलेक्ट किए। विभाग के अधिकारियों कहना है कि लगातार एवरेस्ट मसालों में कंपनी और अन्य लोगों के द्वारा मिलावट की शिकायत विभाग में की जा रही है, जिसके चलते रूटिन चैकिंग की जा रही है। विभाग ने जनवरी से लेकर अबतक 30 से अधिक बार सैंपल जब्त किया है लेकिन रिपोर्ट नहीं आई है। ऐसे में विभाग के काम करने के तरीकों पर सवाल उठने लगे है।






### हटिया-एलटीटी समर स्पेशल का परिचालन 15 तक

**बिलासपुर।** हटिया से एलटीटी के बीच चल रही समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है। हटिया से एलटीटी के बीच चलने वाली अप डाउन 08609/08610 स्पेशल ट्रेन का परिचालन 1 जुलाई तक करने का आदेश जारी किया गया था। यात्रियों की सुविधा और मांग के बाद ट्रेन परिचालन की तिथि में विस्तार करते हुए 15 जुलाई तक किया गया है। विस्तार के बाद 08609 हटिया-एलटीटी समर स्पेशल ट्रेन प्रति सोमवार को 13 जुलाई तक और 08610 एलटीटी-हटिया समर स्पेशल ट्रेन प्रति बुधवार को 15 जुलाई तक चलेगी।


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152


ऑफलाइन बर्थ सर्टिफिकेट को ऑनलाइन करवाने भटक रहा पिता

# बर्थ सर्टिफिकेट में सुधार नहीं, पिता ने गृहमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेटी के आधार कार्ड में सुधार के लिए ऑनलाईन बर्थ सर्टिफिकेट पाने विभागों के चक्कर काट रहे एक पिता ने थक हारकर देश के गृहमंत्री को पत्र लिखा है। दरअसल वे अपनी समस्या लेकर जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग गए थे, लेकिन यहां भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। समाधान नहीं होने पर उन्होंने वहीं बैठकर सीधे गृहमंत्री को पत्र लिख दिया।

बिल्हा ब्लॉक के बरतोरी निवासी घनश्याम जायसवाल की पुत्री माधुरी जायसवाल के आधार कार्ड में केवल माधुरी अंकित हो गया है। वे आधार में सुधार करते हुए माधुरी जायसवाल दर्ज करवाना चाहते हैं। स्कूल में पुत्री का नाम माधुरी जायसवाल ही दर्ज है, जिससे जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज बनवाने हेतु आधार कार्ड में पुत्री का पूरा नाम दर्ज करवाने की जरूरत है।

■ ऑनलाइन होने के बाद ही आधार कार्ड में हो सकेगा सुधार

इधर आधार कार्ड में सरनेम दर्ज करवाने के लिये आवेदन करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा द्वारा पुत्री के ऑफलाइन जन्म प्रमाण पत्र जो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा द्वारा ही जारी किया गया था, को अमान्य कर दिया गया, साथ ही ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई। जन्म प्रमाण पत्र को ऑनलाईन करवाने व सुधार हेतु आवेदन करने पर संबंधित जारीकर्ता अधिकारी ने जिला मुख्यालय में सम्पर्क करने कह दिया।

अपनी समस्या लेकर जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग पहुंचे पिता को वर्ष 2016 से 2020 तक जारी किये गये जन्म प्रमाण पत्रों को ऑनलाईन करने की सुविधा आरजीआई पोर्टल पर बंद होने की जानकारी दी गई, जिरो खुलवाने हेतु पत्राचार किया गया है, लेकिन उक्त वर्षों का पोर्टल पर खोलने की कार्यवाही आरजीआई द्वारा नहीं की जा रही है। विभाग में ऑफलाईन जन्म प्रमाण पत्र को पूरी तरह वैध होने की बात कही गई।

### एक-दूसरे पर लगा रहे आरोप

विभागों द्वारा लगातार एक-दूसरे पर दोषारोपण करने व स्वयं को समस्या के समाधान के लिए अक्षम बताने से क्षुब्ध पिता ने सांख्यिकीय विभाग में बैठकर ही सीधे देश के गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिख डाला। पत्र में उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा कही गई बातों एवं इस समस्या से जूझ रहे हजारों पालकों का भी जिक्र करते हुए कहा है कि आरजीआई तथा यूआईडीएआई दोनो ही गृह मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं, जिससे समस्या का जल्द समाधान निकाला जाए।

जानकारी नहीं है

इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है।

**-एनके नेताम**, उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग


online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-[+ 5% GST]

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411